दैनिक

# नवनीत एक्सप्रेस

राष्ट्रवादी विचार धारा | जय खेड़ापति सरकार | RNI-MPHIN/2016/69280

शिवपुरी, ग्वालियर, भोपाल, झांसी से एक साथ प्रकाशित | संपादकः महेन्द्र तिवारी | न डरते है न डराते है, सच उजागर करते हैं

वर्ष : 10 अंक: 248 | ग्वालियर, बुधवार 11 जून 2025 | navneetexpress33@gmail.com | पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रुपया


# सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना में होगा 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मध्यप्रदेश के सोलर ऊर्जा उत्पादन से नई दिल्ली में चल रही है मेट्रो ट्रेन**

**प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में हुई है अभूतपूर्व प्रगति**

**पड़ौसी राज्यों के साथ मिलकर 6-6 महीने के लिए शुरू किए जाएंगे सोलर प्रोजेक्ट**

**बड़े पैमाने पर सोलर तथा पवन ऊर्जा का हो रहा है उत्पादन**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी का सपना और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प होगा पूरा : मंत्री श्री शुक्ला**

**मिलेगी सस्ती बिजली और प्रदूषण से मुक्ति : मंत्री श्री तोमर**

**कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुई सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट**



## छोटे निवेशक होंगे लाभान्वित, किसान भी बनेंगे निवेशक

**भोपाल, ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सिरमौर बनाने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश में वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट तक सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के स्वप्न को साकार करने में मध्यप्रदेश शत-प्रतिशत योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भोपाल में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट में देश एवं प्रदेश के 350 से अधिक निवेशकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। सभी के उत्साह का ही परिणाम है कि योजना में 20 हजार करोड़ से अधिक राशि का निवेश होना संभावित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल एक्सपर्ट एवं जेआईजेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री बर्नार्ड क्रूजबर को तकनीकी सहयोग के लिए सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। प्रदेश में सोलर तथा पवन ऊर्जा का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। मध्यप्रदेश के सोलर ऊर्जा उत्पादन से नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही है और कई घरों को बिजली मिल रही है। निकट भविष्य में पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर 6-6 महीने बिजली उपलब्धता के लिए सोलर प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में राज्यों के बीच सौहार्द्र का वातावरण बना है। मध्यप्रदेश ने उत्तरप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के साथ नदी जोड़ो परियोजनाएं शुरू की हैं। ऊर्जा उत्पादन में नागरिकों को जोड़कर अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सूर्य अनंत ऊर्जा का भंडार है। सूर्य देव हमारे सौरमंडल में ऊर्जा के प्रमुख केंद्र हैं। ऋषि-मुनियों ने बताया है कि सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। प्रकाश से ही जीवन मिलता है। सनातन संस्कृति में सभी कार्यक्रमों की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से होती है, जो कि सूर्य आराधना का प्रतीक है।

### ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना में छोटे-छोटे निवेशकों को भी जोड़ना एक सराहनीय प्रयास है। मध्यप्रदेश सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल के 11 साल में बड़े बदलाव आए हैं। मध्यप्रदेश बिजली के मामले में सरप्लस है। मोहासा बाबई में नवकरणीय ऊर्जा के उपकरण निर्माण के लिए 22 इकाइयों का भूमि-पूजन किया जा चुका है इससे 24 हजार रोजगार सृजित होंगे। वर्ष 2025 तक प्रदेश के सभी शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महेश्वर में बना फ्लोटिंग एनर्जी पार्क अद्भुत है। नीमच और रीवा में बड़े सोलर प्रोजेक्ट संचालित हैं। प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 15 गुना बढ़ चुकी है, जिसमें सौर ऊर्जा में 48 प्रतिशत और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में राज्य में 9300 मेगावॉट से अधिक नवकरणीय ऊर्जा की परियोजनाएं संचालित हैं। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं पर बैंक सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी से किसानों की जीवन-शैली भी बदलेगी। सोलर एनर्जी से कोयला भंडार भी भरा रहेगा। सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हुए बिजली के बिल से मुक्ति दिलाएगी। आगामी तीन वर्ष में 32 लाख सोलर पंप कनेक्शन लगाए जाएंगे।

---

**कनाडा में तिरंगे का अपमान कर बोले खालिस्तानी**

# पीएम मोदी को आने दो टारगेट करेंगे



**ओटावा, एजेंसी।**

खालिस्तानी सिर्फ भारत के लिए नहीं बल्कि कनाडा के लिए भी सिरदर्द बनते जा रहे हैं। उनकी वजह से दोनों देशों के बीच रिश्ते भी खराब हो रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में, खालिस्तानी चरमपंथियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की खुली धमकी दी है और भारतीय तिरंगे का अपमान किया है। यह विवाद कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा पीएम मोदी को जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के बाद शुरू हुआ। इस निमंत्रण से खालिस्तानी समूह भड़क गए हैं और उन्होंने इसे भारत विरोधी प्रदर्शनों के लिए एक अवसर के रूप में देखा है। बता दें कि कनाडा जी-7 के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में 15 से 17 जून तक अल्बर्टा प्रांत में इस समूह के सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को फोन पर बातचीत के दौरान जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कार्नी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया।

प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इस मामले को और भड़काया। पन्नू ने एक वीडियो जारी कर कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को धन्यवाद दिया, यह कहते हुए कि उन्होंने खालिस्तानियों को जी7 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी को निशाना बनाने का ऐतिहासिक मौका दिया। पन्नू ने 48 घंटे के विरोध प्रदर्शन की घोषणा की, जो पीएम मोदी की कनाडा यात्रा के दौरान उनकी लैंडिंग से टेकऑफ तक चलेगा।

---

**गर्मी से मचा हाहाकार**

# नौतपा के बाद तड़पा रही है गर्मी




## मप्र सहित कई राज्यों का तापमान 45 डिग्री के पार, 6 राज्यों में लू का अलर्ट, बारिश की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

नौतपा के नौ दिन बारिश के बाद अब देश के उत्तरी राज्यों में तेज गर्मी का दौर जारी है। देश के 6 राज्यों के 18 शहरों का तापमान 45 डिग्री के ऊपर रहा। इन राज्यों में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और ओडिशा शामिल हैं। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47.3 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बुधवार को भी हीट वेव और तेज गर्मी की चेतावनी है। दिल्ली में राज्य में अगले दो दिन के लिए हीट वेव-गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान में तेज हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। सबसे ज्यादा असर पश्चिमी जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही में है। हरियाणा में भी सोमवार को तापमान 45 डिग्री के आंकड़े को भी पार कर गया। प्रदेश में सिरसा 46.4 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा।

### भीषण गर्मी में राहत 16 जून से, एमपी में होगी झमाझम बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में 13 जून से बनेगा लो प्रेशर एरिया, सुस्त हुआ मानसून होगा एक्टिव,एमपी में 16 जून से प्री मानसून एक्टिविटिज होंगी शुरू, चलेगा आंधी तेज बारिश का दौर। मानसून 2025, 14 दिन से महाराष्ट्र में ठहरा हुआ है। इसके आगे नहीं बढने से मानसून सीजन में हीटवेव ने घुसपैठ कर दी है। सोमवार 9 जून से राजस्थान से चली गर्म हवा की वजह से मध्य प्रदेश में लोग भीषण गर्मी से बेहाल हैं। यहां कई शहरों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन समेत एमपी के कई शहरों में आसमान से आग बरसी। गर्मी ने जैसे शहरों में कर्फ्यू लगा दिया है। दोपहर का आलम ये है कि व्यस्ततम सड़कें खाली नजर आ रही हैं। नौतपा जैसी गर्मी का दौर अब चल रहा है। इस सीजन में ग्वालियर में 24 दिन बाद दूसरी बार अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। इससे पहले 16 मई को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा था। 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से हीटवेव भी चलीं। मौसम विभाग ने पूरे हफ्ते भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। 11 जून को तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो सकता है।

---

# 33 देशों से लौटे 7 डेलिगेशन से मिले पीएम

## सांसदी ने मोदी से अपने अनुभव शेयर किए



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताकर देश वापस लौटे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की। उनके साथ डिनर किया।

डेलिगेशन के सदस्यों ने पीएम से अपनी यात्रा का अनुभव शेयर किया। 7 डेलिगेशन में शामिल 59 सदस्य 33 देशों की यात्रा पर गए थे। जिनमें 51 नेता और 8 राजदूत शामिल हैं।

डेलिगेशन का नेतृत्व 7 सांसदों ने किया था। इनमें भाजपा से रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, जदयू के संजय कुमार झा, छ्स्ब के कनिमोझी करुणानिधि, हृष्टक (स्क) की सुप्रिया सुले, कांग्रेस सांसद शशि थरूर और शिवसेना (शिंदे गुट) के श्रीकांत एकनाथ शिंदे शामिल थे।

थरूर ने पीएम से मुलाकात के बाद कहा, पीएम ने हम सभी के साथ एक घंटे से ज्यादा समय बिताया। वे लॉन में अलग-अलग टेबलों पर गए, सभी डेलिगेशन ग्रुप से बात की। यह बिल्कुल भी औपचारिक बैठक नहीं थी। हममें से कई लोगों ने उन्हें विदेश दौरे पर अपनी रिपोर्ट दी थी। हालांकि, उस पर भी कोई चर्चा नहीं हुई। हम सभी ने उनके साथ कई बातें कीं, समय के साथ सब पता चल जाएगा।

---

# कभी नहीं सोचा था कि एनसीपी का विभाजन होगा, लेकिन ऐसा हुआ

**एनसीपी के 26वें स्थापना दिवस पर शरद पवार का छलका दर्द**



**मुंबई, एजेंसी।** एनसीपी के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में एनसीपी (सपा) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि 26 साल पहले उनके द्वारा सह-स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन होगा और उन्होंने चुनौतियों के बावजूद इसे आगे बढ़ाने के लिए अपने संगठन के कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आप बिना हतोत्साहित हुए पार्टी को आगे ले जाते रहे। पार्टी में विभाजन हुआ। हमने कभी नहीं सोचा था कि पार्टी में विभाजन होगा, लेकिन ऐसा हुआ।

---

# आग के कारण बालकनी से लगाई छलांग, पिता सहित दोनों बच्चों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



द्वारका सेक्टर-13 के शबद अपार्टमेंट में सातवें फ्लोर पर आग लगने के बाद पिता और दो बच्चे बालकनी से कूद गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

द्वारका सेक्टर-13 के शबद अपार्टमेंट में सातवें फ्लोर पर आग लगने के बाद पिता और दो बच्चे बालकनी से कूद गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 स्थित शबद अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल के एक फ्लैट में मंगलवार सुबह आग लग गई। फ्लैट के अंदर एक पिता अपने दो बच्चों (एक लड़का-एक लड़की) के साथ फंस गए थे। बचने के लिए 10 साल के दोनों बच्चों ने बालकनी से छलांग लगाई। उनके साथ उनके पिता यश यादव (35) ने भी छलांग लगा दी। तीनों को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

---

**राजा मर्डर केस :**

# रिश्ता तय होने से लेकर मौत तक, कई तरह के षडयंत्र रचती रही सोनम




**इंदौर एजेंसी।** इंदौर के रहने वाले राजा मर्डर केस ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पहले राजा और सोनम की गुमशुदगी पर लोग तरह-तरह की चर्चा करते रहे और फिर राजा की हत्या के आरोप में सोनम की गिरफ्तारी ने सबको हिलाकर रख दिया है। 11 मई को शादी, 23 मई पति की हत्या और 9 जून को पत्नी की गिरफ्तारी, महज 30 दिन में सुखी-संपन्न दो परिवार बर्बाद हो गए। इस पूरे मामले में सोनम लगातार एक नई साजिश रचती नजर आती है।

राजा और सोनम की शादी 11 मई को इंदौर में हुई थी। यह अरेंज मैरिज थी, जिसके लिए दोनों परिवार के लोग सहमत थे। राजा और सोनम रघुवंशी समाज से आते हैं। दोनों के परिवारों ने सामाजिक बुकलेट में उनका ब्योरा देकर शादी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। मांगलिक होने की वजह से दोनों की कुंडली का मिलान हुआ। दोनों परिवारों के बीच मेल-मिलाप हुआ और फिर रिश्ता तय हुआ।

### हनीमून बंद हुआ फोन

शादी के 9 दिन बाद 20 मई को सोनम और राजा हनीमून के लिए निकल गए। दोनों पहले गुवाहाटी और फिर शिलॉन्ग पहुंचे। सोनम की गिरफ्तारी के बाद राजा की मां ने बताया कि सोनम ने ही हनीमून के लिए टिकट कराया था। राजा इतनी जल्दी हनीमून पर नहीं जाना चाहता था लेकिन सोनम के टिकट लेने और उसकी जिद को देखते हुए उसे जाना पड़ा। 22 मई तक राजा और सोनम की परिवार से बात होती रही।

### लावारिस स्कूटी मिली जिस पर राजा और सोनम घूमने निकले थे

काफी तलाश के बाद पहले पुलिस को लावारिस स्कूटी मिली जिस पर राजा और सोनम घूमने निकले थे। बाद में 2 जून को एक गहरी खाई में राजा की लाश मिली। लेकिन सोनम का कुछ अता-पता नहीं था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि राजा की धारदार हथियार से हत्या की गई है। 9 जून को सुबह अचानक सोनम की गिरफ्तारी की खबर आई। वह देर रात यूपी के गाजीपुर में एक ढाबे पर मिली। उसने ढाबे वाले से फोन मांगकर अपने परिवार से संपर्क किया। पुलिस के सामने सरेंडर के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

---

# पीएम मोदी की अगुवाई में सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया: स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 सालों की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने दावा कि पीएम मोदी की अगुवाई में सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया। किसानों के लिए सॉइल हेल्थ कार्ड, महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन से लेकर जन धन योजना तक का जिक्र किया।

स्मृति ने कहा, 'भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पांच मूल निष्ठाओं- राष्ट्रीयता, लोकतंत्र में विश्वास, गरीब-वंचितों के प्रति गांधीवादी सोच, सर्वधर्म समभाव और मूल्य आधारित राजनीति पर चलती है। पीएम मोदी की सरकार में ये निष्ठाएं दिखाई देती हैं, जिससे भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक अभिभूत हैं।'

स्मृति ने बताया कि पिछले 11 सालों में 50 करोड़ लोगों के जन-धन खाते खोले गए। यह पीएम मोदी का अनोखा प्रयास है, जिसने गरीबों को देश की तिजोरी से जोड़ा। इसके जरिए 45 लाख करोड़ रुपये

दैनिक
राष्ट्रवादी विचार धारा
जय खेड़ापति सरकार
नवनीत एक्सप्रेस
ग्वालियर,भोपाल से एक साथ प्रकाशित
संपादकः महेन्द्र तिवारी
न डरते है न डराते है, सच उजागर करते है



# क्रिकेट की प्रतिभाओं को निखारने आईपीएल की तर्ज पर एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

## देशभक्ति गीतों के साथ 20 टीमों ने किया मार्च पास्ट, छोटे खां क्रिकेट अकादमी के द्वारा दिवंगत क्रिकेटरों की स्मृति को संजोया

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी- क्रिकेट की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वरिष्ठ क्रिकेटर एवं छोटे खां क्रिकेट अकादमी के द्वारा दिवंगत क्रिकेटरों की स्मृतियों को संजोते हुए 10 दिवसीय आईपीएल की तर्ज पर एसपीएल(शिवपुरी प्रीमियर लीग)क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ स्थानीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में किया गया। जहां बैण्ड की देशभक्ति गीतों के साथ इस टूर्नामेंट में भाग ले रही 20 क्रिकेट टीमों के खिलाड़ियों ने रंगीन ड्रेस में अपने खेल अनुशासन का परिचय देते हुए मार्च पास्ट किया। इस शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सांखला अध्यक्ष शिवपुरी क्रिकेट एसोसिएशन रहे जबकि अध्यक्षता मप्र क्रिकेट महिला अकादमी के कोच अरूण सिंह सर ने की। इसके साथ ही टूर्नामेंट के अन्य अतिथियों में समाजसेवी व सर्वाईकल रोग का निःशुल्क उपचार करने वाले भरत अग्रवाल (नारियल वाले), पूर्व क्रिकेटर प्रभात मिश्रा, गौरव शर्मा, समाजसेवी कमलेश शिवहरे, पूर्व पार्षद पवन शर्मा, एरोबिक व्यायाम प्रशिक्षक सुखवीर सिंह कुशवाह, दीपक सोनी कोच आदि सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।इस अवसर पर वरिष्ठ क्रिकेटर छोटे खां के द्वारा बताया गया कि अंचल शिवपुरी के वह



क्रिकेट खिलाड़ी जिनके क्रिकेट के खेल से लोगों के दिलों पर अपनी गहरी छाप छोड़ी, उन्हीं दिवंगत क्रिकेटरों की स्मृति को संजोते हुए इन नवोदित क्रिकेट खिलाड़ियों को भी बढ़ावा मिले इसे लेकर यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इन दिवंगत क्रिकेट खिलाड़ियों में अनुपेन्द्र सिंह माटा, हमीद खान, पवन कुशवाह, शदाकत अली, बृजेन्द्र बम्बईया, अजय कोड़े, भगवत शर्मा, विक्रम सांठे, मनीष गोयल काका, दुर्गेन्द्र चौहान, राकेश जैन प्रेम स्वीट्स के रूप में सभी नवोदित खिलाड़ियों के नाम पर क्रिकेट टीम का नाम रखा गया है और सभी के बीच आपस में प्रतियोगिता कर खिलाड़ियों की प्रतिभा को इस टूर्नामेंट के माध्यम से प्रोत्साहित करते हुए निखारा जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि दिवंगत क्रिकेटरों की स्मृति में छोटे खां क्रिकेटमी के तत्वाधान में चलने वाली यह प्रतियोगिता 10 दिवसीय होगी जो आईपीएल की तर्ज पर शिवपुरी प्रीमियर लीग(एसपीएल) के रूप में 10 जून से 20 जून चलेगी। प्रतियोगिता के सभी मैच पोलोग्राउण्ड खेल परिसर में खेले जाऐंगें। जिसमें प्रतिदिन रंगीन ड्रेस मे सफेद लैदर बॉल के साथ तीन मैच खेले जाऐंगें, 15 वर्ष तक की आयु के क्रिकेट खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नजर आऐंगें जिनमें से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य छोटे खां क्रिकेट अकादमी के द्वारा किया जाएगा। प्रतियेगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र के साथ ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्रिकेटर गिरीश मिश्रा मामा के द्वारा जबकि समस्त सहयोगियों, बच्चों व उनके अभिभावकों, अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन वरिष्ठ क्रिकेटर छोटे खां के द्वारा व्यक्त किया गया।

# डीएपी खाद का वितरण सहकारी समिति, एमपी एग्रो एवं निजी उर्वरक केन्द्रों से किया जायेगा

## कृषि विभाग ने दी खाद उपलब्धता की जानकारी

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी-जिले में वर्तमान में 31387 मै. टन खाद उपलब्ध है। जिसमें 8218 मै.टन यूरिया, 572 मै.टन डीएपी, 6498 मै.टन एनपीके, 15597 मै. टन एसएसपी, 502 मै.टन एमओपी उपलब्ध है। जिले में खरीफ सीजन में अभी तक 20613 मै टन खाद वितरण हो चुका है। जिसमें 7682 मै. टन यूरिया, 7108 मै.टन डीएपी, 2682 मै. टन एनपीके, 3026 मै. टन एसएसपी, एवं 115 मै. टन एमओपी है। कृषि विभाग के उपसंचालक यू एस तोमर ने बताया कि आई.पी.एल. कंपनी का डीएपी की रैक प्राप्त हुई है जिससे जिले को 1415 मैट्रिक टन डीएपी प्राप्त हुआ है, जिसमें सहकारी समितियों को 950 मै.टन. एमपी एग्रो को 90 मै. टन, इसी प्रकार निजी उर्वरक विक्रेताओं को 375 मै.टन डीएपी प्राप्त होगा जिसका वितरण सहकारी समितियों, एमपी एग्रो, निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रो के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सह. समिति पीपलखेड़ा, गूडर, सिनावल खुद,बैराठ, बूढदा, ऐंचवाडा, दुल्हारा, नदौरा, ककरीआ, गरेठा, कमालपुर, करारखेडा, नरौआ, बहगंवा, कुटवारा, पीरोठ, मडवासा, खतौरा, इंदार, बदरवास, एजवारा, बिजरौनी, दीघोद, बूढाडोंगर, अटलपुर, खरैह, पडोरा, रन्नौद, मुहांसा, टोडापिछोर, करैरा, थनरा, खुदावली, गढीबरौद, पचावली, कुलवारा, धौलागढ, लुकवासा समिति को डी.ए.पी. 25-25 मै.टन दिया गया है। एमपी एग्रो को 90 मै.टन एवं जनता एग्रो एजेंसी शिवपुरी को 50, राजेंद्र ब्रदर्श शिवपुरीको 50, जगन्नाथ मदलाल नरवर को 25, अग्रवाल इटरप्राईजेज करैरा को 50, छाजेड बंधु शिवपुरी को 25, राधिका टेडर्स शिवपुरी को 50, अल्का एजेंसी बामौरकला खनियाधाना को 50, बालाजी ट्रेडिंग बैराढ को 50 एवं अरूण एण्ड कंपनी करेरा को 25 मै.टन डीएपी दिया गया है। कृषि विभाग एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा भी लगातार किसानों को सलाह दी जा रही है कि किसान भाई खरीफ की बोनी के लिए डीएपी उर्वरक उपलब्ध न होने की दशा में तत्वों की पूर्ति के लिए विकल्प के तौर पर अन्य उर्वरक जैसे एनपीके 12-32-16, 16-16-16, 20-20-0-13 एवं नैनो डीएपी के माध्यम से भी बोनी की जा सकती है। सभी किसान भाईयों से आग्रह है कि वह खाद के लिए जिला स्तर पर न आकर सबंधित तहसील, निकटतम सोसायटी या निजी विक्रय केंद्रों से ही खाद प्राप्त करें।

# 7-ए साइड क्रिकेट प्रतियोगिता : शीतला टाइगर्स और श्री बांके बिहारी इलेवन पहुंची फायनल में, आज होगा मुकाबला

## अक्श- कमल मांझी लगातार तीसरे मैच में बने मैन ऑफ दी मैच

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी-शहर के तात्याटोपे खेल मैदान में शिवपुरी क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में खेली जा रही 7 ए साइड प्रतियोगिता में आज खेले गए दो सेमीफायनल में शीतला टाइगर्स ने देवराज एकादश को 19 रनों से हराकर फायनल में प्रवेश किया। जबकि दूसरे सेमीफायनल में श्री बांके बिहारी ने अहान पेंथर्स को चार विकेट से हराकर फायनल में प्रवेश किया। फायनल मुकाबला शीतला टाइगर्स और बांके बिहारी के बीच 11 जून को खेला जाएगा जबकि जूनियर वर्ग का फायनल पटेल एण्ड संस और



शीतला ग्वालियर के बीच खेला जाएगा।शिवपुरी क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष गिरीश मिश्रा मामा और खेल विभाग के युवा ब्लॉक कॉर्डिनेटर कमल बाथम शेरा ने बताया कि आज सीनियर वर्ग में पहला सेमीफायनल खेला गया जिसमें शीतला टाइगर्स ने देवराज एकादश को 19 रनों से हराया, इस मैच के मैन ऑफ दी मैच अक्श कमल मांझी रहे जिन्होंने 44 रन नाबाद और 2 विकेट लिए, रूद्र बाथम ने भी 36 रनों का योगदान दिया जिससे शीतला टाइगर्स 101 रनों का स्कोर खडा कर सकी। दूसरा सेमीफायनल श्री बांके बिहारी और अहान पेंथर्स के बीच खेला गया जिसमें बांके बिहारी ने अहान पेंथर्स को छह विकेट से हराकर फायनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ दी मैच राजपाल रहे जिन्होंने 53 रनों की पारी खेली। आज के मैच में नरेन्द्र शर्मा, गिरीश मामा, अजय श्रीवास्तव जोन्टी, जीतू ठाकुर, मुन्ना राजा, शिवपुरी क्रिकेट अकादमी के मीडिया प्रभारी नेपाल सिंह बघेल, देव प्रताप सिंह कुशवाह, गोविन्द गुप्ता, वार्ड 2 के पार्षद ललित सेन, मुरारी दुबे, रवि दीक्षित, प्रदीप शर्मा मौजूद रहे। आज के एम्पायर भानु मांझी, जोन्टी श्रीवास्त,व थे जबकि स्कोरर अभिषेक धाकड रहे।

# शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु सेकंड राउंड की काउंसलिंग प्रारम्भ

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी-तकनीकी शिक्षा के अन्तर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक छत्री रोड़ शिवपुरी में पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में 10 वी से प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन एवं सेकंड राउंड की काउंसलिंग शुरू हो गई है। जिसकी तिथि 17 जून तक है। इसमें 12वी और आईटीआई से सीधे प्रवेश ले सकते हैं। जिसकी तिथि 15 जून से 30 जून है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि 12वी से सीधे प्रवेश में कक्षा 12 में गणित विषय होना चाहिए और आईटीआई से प्रवेश के लिए आईटीआई 2 वर्ष का होना चाहिए। प्रवेश पंजीकरण हेतु वेबसाइट पर विजिट और चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। संस्था में इलेक्ट्रिकल ,इलेक्ट्रॉनिक एंड टेलीकम्यूनिकेशन , मैकेनिकल एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के 3 वर्ष डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है, इस संबंध में आधिक जानकारी के लिए संस्था के अध्यापक के मोबाइल नम्बर 7000149795, 8982520726 9479815947, 7000884805 पर संपर्क कर सकते हैं ।

# सतमोला कवियों की चौपाल में हुआ अवधेश का काव्य पाठ

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी-शहर के कवि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर काव्य पाठ के माध्यम से शिवपुरी का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें इंजी. अवधेश सक्सेना अवधेश का नाम भी सम्मानपूर्वक अपना स्थान बना चुका है। नोएडा के सर्व धर्म संगम टीवी चेनल के भव्य स्टूडियो में कार्यक्रम निर्माता प्रवीण राय और शुभा राय के संयोजन में सतमोला कवियों की चौपाल कार्यक्रम के 22 वर्ष पूर्ण होने पर अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी संगठन के अध्यक्ष सरदार मनिंदर



जीत सिंह बिट्टा, ज़िंदा शहीद के मुख्य आतिथ्य, समाजसेवी रघुवीर शरण शर्मा के विशेष आतिथ्य एवं अनिल मित्तल चेयरमैन सतमोला ग्रुप की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में शिवपुरी के अवधेश सक्सेना अवधेश ने शानदार काव्य पाठ किया जिसमें उन्होंने अपनी भक्ति रचना हर जगह राम हैं हर वजह राम हैं और ऑपरेशन सिंदूर पर राष्ट्रभक्ति की कविता सुनाई तो स्टूडियो में उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गडगड़ाहट से हॉल को गुंजायमान कर दिया। इस कार्यक्रम का प्रसारण विभिन्न टीवी चैनल्स पर आगामी दिनों में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में कवि अवधेश सक्सेना को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बिजली कंपनी की भर्ती परीक्षा में प्रोविजनल सूची में चयनित आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन 23 से 25 जून तक

## लाईन परिचारक की शारीरिक दक्षता परीक्षण 26 जून को

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी-मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति के लिये परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता (विद्युत), कनिष्ठ अभियंता (सिविल), विधि सहायक, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन एवं लाइन परिचारक के पदों को भरने के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रोविजनल सूची जारी कर दी गयी है। कंपनी द्वारा इन तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों की पूर्ति के लिये कुल 546 सफल आवेदकों की प्रोविजनल सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचना जारी की गई है।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि कंपनी द्वारा प्रोविजनल सूची में शॉर्टलिस्ट आवेदकों में कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) के 63, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 5, विधि सहायक के 21 एवं कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन के 309 आवेदकों को 23 जून से 25 जून तक अलग-अलग तारीखों में दस्तावेज सत्यापन के साथ ही लाइन परिचारक के 148 आवेदकों को 26 जून को शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिये व्यक्तिगत सूचना जारी की गई है।

# थाना पोहरी पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में शामिल महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी- गत दिवस मंगलवार को सूचनाकर्ता महेन्द्र गिरी पुत्र श्रीराम गिरी उम्र 52 साल निवासी भटनावर थाना पोहरी रिपोर्ट किया कि आरोपीगण राकेश पुरी, संतोष पुरी, संकरिया उर्फ सतीष पुरी, मनीष पुरी, उमा पुरी द्वारा जान से मारने की नियत से सूचनाकर्ता व मजरूब राधेश्याम गिरी व रूपेश गिरी पर हमला किया व मारपीट की। आरोपीगणों के खिलाफ थाना पोहरी पर अप.क्र. 71/25 धारा 109,115(2),118(1),296,351(2),3(5) बी.एन.एस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के कुशल मार्गदर्शन में




एवं एसडीओपी पोहरी संजय चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी पोहरी निरी. रजनी सिंह चौहान के द्वारा एक टीम गठित की गई, जिसमें घटना के 24 घंटें के भीतर ही मुखबिर की सूचना पर से प्रकरण की आरोपिया उमा गोस्वामी पत्नी राकेश गोस्वामी उम्र 50 साल निवासी भटनावर थाना पोहरी को उसके घर के पास से घेराबंदी कर पकडा एवं आरोपिया की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त अलाजरर को जप्त किया गया। आरोपी का जेआर फॉर्म तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया एवं जेल वारंट तैयार होने से सब जेल पोहरी में आरोपी को दाखिल किया गया। इस कार्यवाही में निरी. रजनी सिंह चौहान, उनि बैजनाथ मिश्रा, आर.अजय नीखरा, आर. चेतन राठौर, मआर दिव्या तोमर, आर सदन भिलाला की सराहनीय भूमिका रही।

# शासकीय आईटीआई में व्याप्त समस्याओं को लेकर अभाविप कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन

## व्यवस्था न सुधरने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी-शासकीय आईटीआई कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्राचार्य कक्ष में धरना प्रदर्शन किया। जानकारी देते हुए नगर मंत्री विक्रम गुर्जर ने बताया कि अभाविप कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे तो न तो प्राचार्य अपने कक्ष में थे न ही क्लासेज लग रही थी, ट्रेड में ताले भी लगे हुए थे इसको लेकर अभाविप



कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन किया जिसमें प्राचार्य समेत अन्य प्राध्यापकों से बहस होती रही, आखिरी में व्यवस्था सुधारने की बात करते हुए प्राचार्य ने आश्वासन दिया, तब कही कार्यकर्ता वहां से उठकर आए कार्यकर्ताओं ने कहा है कि अगर छात्र हित की मांगें नहीं मानी गई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान एबीवीपी के प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ रघुवंशी, मयंक रजक, देव शर्मा, प्रिंस यादव, अनिरुद्र चौहान, मयंक कलावत, मोहित रजक, प्रवेंद्र यादव, कार्तिक शर्मा, आरिश कर्मावत, देव रघुवंशी, कृष्णा योगी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# खनिज निरीक्षक के साथ जबरन रेत के ट्रेक्टर ट्रॉली छुड़ाने वाले 4 आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी-खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास के साथ अवैध रेत उत्खनन को करते समय पकड़े गए ट्रेक्टर ट्रॉली एवं हाईड्रा को शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए छुड़ाने वाले 4 आरोपियों को लुकवासा चौकी के द्वारा गिरफ्तार किया गया और जब्ती वाहन को थाना परिसर में रखकर मामला विवेचना में लिया गया। इस घटना को लेकर खनिज निरीक्षक की शिकायत पर आरोपियों की तलाश पुलिस ने की और घटना के 24 घंटे के भीतर ही सभी आरोपियें को पकड़ लिया गया।पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी अवनीत शर्मा अनुभाग कोलारस के मार्गदर्शन में फरियादी




राजू सोनू श्रीवास द्वारा चौकी लुकवासा थाना कोलारस पर अज्ञात 05-06 व्यक्तियों के द्वारा शासकीय कार्य मे बाधा डालने एवं अवैध रेत के भरे ट्रैक्टर ट्रॉली एवं हाइड्रा छुडाकर ले जाने के संबंध मे रिपोर्ट की थी, उक्त रिपोर्ट पर से थाना कोलारस पर अपराध क्रमांक 213/25 धारा 132,126(2) बी.एन.एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में लुकवासा चौकी प्रभारी शिखा तिवारी के द्वारा एक टीम बनाई और अपने मुखबिर तंत्र मजबूत कर घटनास्थल के वीडियो फुटेज एकत्रित किए गए, फुटेज में आये अरोपीगणों की पहचान कर मुखबिर की सूचना पर 4 आरोपियों को अनंतपुर पचावली के बीच से पकड़ लिया गया, इन आरोपियों में राजकुमार ऊर्फ बडारी रघुवंशी नि.अनंतपुर, जितेन्द्र लोधी नि.ग्राम भाटी, विनय ऊर्फ कल्लाम रघुवंशी नि.जूर, मनीष सेन नि.अनंतपुर को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी राजकुमार ऊर्फ बडारी रघुवंशी के कब्जे से एक सोलिस कम्पनी का ट्रैक्टर एवं आरोपी मनीष सेन से जोनडियर कम्पनी का हाइड्रा जप्त किया गया, शेष आरोपीगण की पतारसी कर शीघ्र गिरफ्तार किये जावेगें। इस कार्यवाही में उनि शिखा तिवारी, प्रआर.विशालसिह, प्रआर.नरेश दुबे, प्रआर.दिलीप, प्रआर.विजय कटारे, प्रआर.मुकेश इंदौरिया, आर.बलवीर, आर.नरेन्द्र शर्मा, आर.वीरेन्द्र गुर्जर, आर.बलराम मोगिंया, आर.हरिओम कौरव की विशेष भूमिका रही।

# नेक्रोटाइज़िंग पैंक्रियाटाइटिस से पीड़ित मासूम को ईलाज में देरी होने पर हो सकता था जान का खतराः डीन डॉ.डी परमहंस

## मेडिकल कॉलेज में पहली बार हुआ नेक्रोटाइज़िंग पैंक्रियाटाइटिस से पीड़ित मासूम के अग्नाशय का ऑपरेशन

**नगर संवाददाता**

शिवपुरी। श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, शिवपुरी में पहली बार पेट में नेक्रोटाइज़िंग पैंक्रियाटाइटिस से पीड़ित मासूम को अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस द्वारा अग्नाशय का ऑपरेशन कर खराब हिस्से को हटा दिया। ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने अग्नाशय से निकले हिस्से को बॉयोप्सी जांच के लिए मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग की लैब में भेजा है। ऑपरेशन के बाद मरीज को ऑब्जरवेशन के लिए रखा गया था। आज सोमवार को अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस ने



अपनी निगरानी में चैकअप के दौरान स्वास्थ्य में सुधार के चलते मासूम हिमांशी को मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज कर आवश्यक सुझाव दिए है। इस दौरान प्रबंधक विकास त्यागी, सहा. पीआरओ राहुल अष्ठाना, सर्जरी टीम सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान मासूम के पिता ने बताया कि वह अपनी पीड़ित बेटी को शिवपुरी से लेकर ग्वालियर तक भटक चुके थे बाद मेडिकल कॉलेज में उनकी बेटी के सफल ऑपरेशन के बाद कॉलेज प्रबंधन का धन्यवाद के साथ चेहरे पर खुशी जाहिर की ।सर्जरी विभाग की डॉक्टर नीति अग्रवाल ने बताया कि कुछ समय पहले मेडिकल कॉलेज में दिखाने आई हिमांशी ओझा निवासी शिवपुरी पिछ्ले कई सालों से पेट के रोग से पीड़ा में थी। मरीज के परिजनों ने बताया कि इसके लिए उसने अन्य शहरों के कई बार चक्कर काटे। सारी जांचों के उपरांत हमने ऑपरेशन की सलाह दी। बच्ची हिमांशी की पेट की समस्या और जांच रिपोर्ट हमने अधिष्ठाता सर को बताई तो उन्होनें ऑपरेशन करने की बात कही। इस दौरान अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस का कहना था कि जब सर्जरी विभाग द्वारा मुझे नेक्रोटाइज़िंग पैंक्रियाटाइटिस के बारे में बताया तो मैनें स्वयं ऑपरेशन करने को कहा और बीते गुरुवार को ऑपरेशन किया। ऑपरेशन पूर्ण रूप से सफल रहा। ऐसे मेजर ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज की टीम का आभार जताया। ऑपरेशन के दौरान अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस के साथ एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा अग्रवाल, एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर नीति अग्रवाल सर्जरी टीम सहित ओटी इंचार्ज प्रियंका शुक्ला की टीम ने ऑपरेशन में सहयोग किया।

# चंबल के घाटों पर धारा 163 का आदेश पुनः जारी करने की तैयारीः कलेक्टर

## अवैध उत्खनन रोकने अवैध वाहनों को राजसात किया जायेः एसपी

**नगर संवाददाता**

मुरैना। चंबल घाटों के आसपास के क्षेत्र में धारा 163 का आदेश पुनः जारी किया जाये, वन विभाग अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाही करने के लिये पुलिस की सहायता लें। राजघाट से अलावेली पर बड़े-बड़े बेरिकेट लगाकर रास्तों को अवरूद्ध किया जाये। खनिज विभाग ड्रोन लोगबुक को संधारित करके रखें। ये निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने मंगलवार को जिला टास्क फोर्स समिति की अध्यक्षता करते हुये दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, वनमंडलाधिकारी सुरजीत आर पटेल, अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, खनिज अधिकारी सुखदेव निर्मल, अधीक्षक राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण्य देवरी श्याम सिंह चैहान उपस्थित थे। समिति में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को रोकने के बारे में विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें कलेक्टर ने राजघाट से अल्लावेली तक रास्ता अवरूद्ध करने, जिससे अवैध वाहनों को जाने से रोका जा सके इसके लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वन विभाग को जो




अतिरिक्त कंपनी मिली है, उनकी फोर्स के ज्यादा से ज्यादा जवान राजघाट पर तैनात किये जायें। कलेक्टर ने ड्रोन ट्रेकिंग की लॉगबुक संधारित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अल्लावेली के पीछे घाट के रास्ते को बंद करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि घाट के पहले बड़े मैदान को समतल करवाया जाये। कलेक्टर ने 06 घाटों चिन्नौनी, देवगढ़, झुण्डपुरा, राजघाट, हरिगिरी, भानपुरा पर फोर्स द्वारा कार्रवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि वन विभाग कार्रवाही करते समय पुलिस की मदद लें। घाटों के आसपास धारा 163 का आदेश पुनः जारी किया जाये, परिवहन अधिकारी बिना फिटनेस वाले ट्रेक्टर जो कृषि कार्य में संलग्न नहीं है, उनको तत्काल बंद करवायें और उन पर कार्रवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि बरवासेन घाट पर कार्रवाही करने के लिये उपयुक्त नीति बनाई जाये। कलेक्टर ने कहा कि पहाडगढ़ ब्लॉक से लगे चम्बल क्षेत्र में अतिक्रमण पर भी कार्यवाही की जाये एवं अवैध पत्थर खनन पर भी कड़ी कार्रवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने कहा कि एसडीएफ बल की संख्या बढ़ाई जाये, ताकि कार्रवाही करने में वन विभाग को परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने वन विभाग को चम्बल राजघाट क्षेत्र के आसपास अवैध रेत उत्खनन को रोकने के लिये अवरोध उत्पन्न करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जितने भी ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़ी जाये, उनको राजसात किया जाये। समिति में वनमंडलाधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा अभी तक 47 वाहनों को राजसात कर उनकी नीलामी कर दी गई है।

# अवैध शराब की 7 पेटी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नगर संवाददाता**



मुरैना। जिले की माता बसैया थाना पुलिस ने बिचोली नहर की पुलिया कीरतपुर जाने वाले रास्ते पर अवैध शराब बेचने के लिए ले जा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर 7 पेटी देशी शराब बरामद की है।माता बसैया थाना प्रभारी जयपाल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बिचोली नहर की पुलिया से ग्राम कीरतपुर जाने पाले रास्ते पर एक व्यक्ति निवासी कीरतपुर अवैध शराब की कुछ पेटिया नहर किनारे खल्ती में रखकर नहर की कैनाल पर खडा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम बिचोली नहर की पुलिया पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति से खुली एवं पैक 7 पेटियो से कुल 312 क्वार्टर देशी मदिरा प्लेन के कीमत करीबन 31,200 रुपये मौके पर जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया है।

## ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे परियोजना

# भीषण गर्मी में किसानों ने जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर चार गुना मुआवजा मांगा

**नगर संवाददाता**

मुरैना। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे सड़क परियोजना सुसेरा गांव ग्वालियर से निकाली जा रही है। इसमें मुरैना जिले के भी लगभग 30 गांव प्रभावित हो रहे हैं उन गांवों के किसानों की जमीन अधिग्रहित होगी। यह सड़क परियोजना 88 किलोमीटर लंबी है। इसमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है उन्हें चार गुना मुआवजा दिया जा रहा है। लेकिन मध्य प्रदेश मुरैना जिले से होकर गुजरती इस सड़क परियोजना क्षेत्र की कलेक्टर गाइडलाइन (सरकारी रेट) 3 वर्षों से नहीं बढ़ाई गई है और मुआवजे के नाम पर भी सरकारी गाइडलाइन की रेट से 2 गुना मुआवजा देने की बात कही जा रही है और उसके लिए प्रशासन द्वारा अनावश्यक रूप से किसानों के बीच दवाव बनाकर उनसे खाता नंबर, पैन नंबर, आधार कार्ड आदि दस्तावेज लिए जा रहे हैं। जिससे किसानों में भारी आक्रोश है, किसान लगातार मध्य प्रदेश के



मुख्यमंत्री से कलेक्टर गाइडलाइन की रेट बढ़ाने उसे दुगना करने और किसानों को बाजार की रेट से 4 गुना मुआवजा देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आज भी भीषण गर्मी में सैकड़ो किसान चंबल कॉलोनी पार्क में इकठ्ठा हुए। तपती धूप में सड़क पर मार्च करते हुए किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां जाकर संयुक्त कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम और कलेक्टर के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया। जिसमें किसानों ने उक्त मांगे रखी है।इस दौरान किसानों को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि सरकार को किसानों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्हें भी राजस्थान उत्तर प्रदेश की तरह बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए। साथ ही उन्होंने मध्य प्रदेश में भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू करने की मांग भी दोहराई। किसानों के जुलूस, रैली, ज्ञापन की कार्रवाई का नेतृत्व मध्य प्रदेश किसान सभा के ओमप्रकाश श्रीवास, श्रीकृष्ण यादव, राम प्रकाश सिंह गुर्जर, जन्डैल सिंह गुर्जर, थान सिंह गुर्जर एडवोकेट, रामकिशोर शर्मा, अशोक कुमार, नरोत्तम नागर, राजेंद्र सिंह आदि ने किया। किसानों ने आगामी 17 जून को व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्रस्तुत करने का पुनः निर्णय लिया है।

# आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने पर पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

**नगर संवाददाता**

मुरैना। जिले के जौरा थाना अंतर्गत भटियारा गांव में डेढ़ माह पूर्व जितेंद्र सिकरवार की 5 आरोपियों द्वारा लाठी डंडों से मारपीट कर हाथ पैर तोड़ दिए गए, जिससे उसे 15 टांके आए। पुलिस थाने में मामला भी दर्ज कराया, लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं तथा 3 जून को फिर से उन्होंने फरियादी की मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर मंगलवार को जितेंद्र ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। जितेंद्र सिकरवार पुत्र भगवान सिंह निवासी



ग्राम भटियारा जौरा ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि 23 अप्रैल 2025 को आरोपीगण अरविन्द पुत्र जबर सिंह, अरूण पुत्र गंधर्व सिंह, अमन पुत्र गजराज सिंह, गंधर्व पुत्र मुंशी सिंह, उदय पुत्र गंधर्व सिंह सभी सिकरवार द्वारा जान से मारने की नियत से कुल्हाडी, फरसा व सरिया से मारपीट की, जिसकी रिपोर्ट थाना जौरा में 24 जून 2025 को दर्ज कराई गई थी। फरियादी के शरीर में भारी चोटे पहुंचाई व दोनो पैर तोड दिए तथा एक पैर में 15 टांके आए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय से उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जितेंद्र ने बताया कि उक्त प्रकरण में पुलिस थाना जौरा द्वारा अभी तक अपराधीयों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे अपराधी खुले घूम रहे है और धमकीयां दे रहे है कि अपनी रिपोर्ट वापिस ले लो और मामले में राजीनामा दे दो, अगर नहीं करोगे तो अभी तो हमने इतना ही किया है अब आगे जान से मारकर रहेगे।

# जनपद पंचायत में समय पर नहीं होती निर्माण समिति की बैठक, कैसे रुकेगा भ्रष्टाचारः सिकरवार

**नगर संवाददाता**

कैलारस। जनपद पंचायत में बार-बार एजेंटा जारी होने के बाद भी तीन माह से मीटिंग नहीं हुई। जनपद सदस्यों एवं निर्माण समिति के सभापति महेन्द्र सिंह सिकरवार ने जनपद पंचायत सीईओ को पत्र भी लिखित में दिया, किन्तु उसके बाद भी आज तक कोई मीटिंग आयोजित नहीं की गई है। महेंद्र सिंह सिकरवार निर्माण समिति सभापति का कहना है कि जनपद पंचायत सीईओ के इस वर्ताव से यह प्रतीत होता है कि जनपद से लेकर ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्यों की पोल खुल जाएगी। क्यों कि निर्माण समिति में 5 सदस्य है जो कभी भी किसी ग्राम पंचायतों में निरीक्षण कर सकते हैं। उनका फर्जीवाडा खुल जायेगा, गत तीन माह से जनपद सदस्य एव निर्माण समिति के सदस्य मांग कर रहे है हर माह होने वाली बैठक आखिर कार क्यों नही हो रही है। श्री सिकरवार ने यह सभी आरोप जनपद सीईओ से लेकर एसडीओ पर लगाये हैं।

**- इनका कहना है......**

मेरे पास भी आये थे निर्माण समिति के सदस्य और सभापति, मीटिंग को लेकर चर्चा हुई है। निर्माण समिति के सचिव धीरज सिकरवार एसडीओ है उनसे बात करके बैठक करवाएंगे।

**कुलदीप श्रीवास्तव, सीईओ जनपद पंचायत कैलारस**

# भू-माफिया द्वारा गौ विश्राम एवं शासकीय जमीन पर कब्जा कर की बाउंड्री, कलेक्टर को दिया ग्रामीणों ने आवेदन



**नगर संवाददाता**

मुरैना। जिले के कैलारस थाना अंतर्गत एक भूमाफिया द्वारा शासकीय जमीन जो की गौ विश्राम की है, उस पर बाउंड्री वॉल कर कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। कैलारस ब्लॉक के गुलपुरा गांव के ग्रामीण महिला एवं पुरुषों सोबरन, वासुदेव, प्रधान, बनवारी आदि ने मंगलवार को जनसुनवाई में बताया कि अरुण कुमार सिंघल पुत्र जगदीश सिंघल निवासी कैलारस के व्दारा गौ विश्राम एवं शासकीय जमीन पर कब्जा कर बाउण्ड्री की जा रही है, जिसका खसरा न. 244 है और यह जमीन गौ विश्राम की है एवं खसरा न. 241 जो कि शासकीय जमीन है, उस पर भी उक्त व्यक्ति व्दारा कब्जा करने की नियत से बाउण्ड्री की जा रही है। ग्रामीणों ने उक्त सर्वे नंबर के दस्तावेज कलेक्टर को जनसुनवाई में प्रस्तुत कर भू-माफिया के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया के ब्लॉक अध्यक्ष बने शर्मा

**नगर संवाददाता**



जौरा। पत्रकार चंद्रमोहन शर्मा को मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन पोरसा में आयोजित संगठन के जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन में किया गया। श्री शर्मा के मनोनयन की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण शर्मा की सहमति से की गई। श्री शर्मा ने अपने मनोविज्ञान पर संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष सहित संगठन की वरिष्ठ पदाधिकारी सत्यनारायण शर्मा, श्याम मोहन दण्डोतिया, राज श्रीवास्तव, सत्येन्द्र तिवारी, गोविन्द मिश्रा, अनिल गोयल आदि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पत्रकारों के हित में एवं संगठन की विस्तार के लिए समर्पित होकर काम करने का संकल्प व्यक्त किया है। चंद्रमोहन शर्मा को मीडिया फैडरेशन आफ इंडिया का ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थक मीडिया कर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# परिवार की रक्षा के लिए साहस और दृढ़ता से सामना करना चाहिएः पं. सतीशचंद

## कथा के 5वें दिन भगवान कृष्ण की तमाम लीलाओं का किया वर्णन, श्रद्धालु हुए मंत्र मुग्ध

**नगर संवाददाता**

मुरैना। श्री श्री 1008 दुर्जन बाबा मंदिर ग्राम डोंगरपुर किरार मैं आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन पंडित सतीश चंद्र पाराशर ने संगीतम वाणी से कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान को भी अपने परिवार की रक्षा के लिए गोकुल छोड़ना पड़ा। परिवार की रक्षा के लिए साहस और दृढ़ता से सामना करना चाहिए, यह बात भगवान श्री कृष्ण ने चरितार्थ की है। उन्होंने मंगलवार को पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी लीला, गोकुल त्याग लीला, वृंदावन लीला, गिरिराज पूजन एवं 56 भोग दर्शन की कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। श्री पाराशर ने बताया कि पूतना वध की कथा श्री कृष्ण के बाललीला के सबसे महत्वपूर्ण अंशों में से एक है। कंस ने पूतना को, जो एक राक्षसी थी, को बाल कृष्ण को मारने के लिए भेजा था। पूतना ने सुंदर स्त्री का रूप धारण किया और गोकुल में कृष्ण को ढूंढ निकाला। उसने कृष्ण को दुग्धपान कराया, लेकिन कृष्ण ने पूतना के असली रूप को पहचान लिया और पूतना को मार डाला। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में माखन चोरी की लीला सुप्रसिध्द है। वैसे तो कान्हा ग्वालिनों के घरो में जाकर माखन चुराकर खाया करते थे, लेकिन आज उन्होंने अपने ही घर में माखन चोरी की और यशोदा मैया ने उन्हें देख लिया। सूरदास जी ने श्रीकृष्ण की चतुराई का जिस प्रकार वर्णन किया है, वैसा कही नहीं मिलता। श्री पाराशर ने बताया कि कंस के डर से वासुदेव ने नवजात कृष्ण को यमुना नदी पार गोकुल में यशोदा के यहाँ पहुँचाया था। कृष्ण ने गोकुल में कुछ समय बिताया, जहां उन्होंने कई बाल लीलाएं कीं। बाद में, कंस के अत्याचारों से डरकर और कृष्ण के परिवार की सुरक्षा के लिए, वासुदेव और यशोदा ने गोकुल को छोड़ वृंदावन में बसने का फैसला किया। गोकुल त्याग लीला कृष्ण के जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना है, क्योंकि यह उनकी दृढ़ता, जिम्मेदारी की भावना और कंस के अत्याचारों से डरने की बात को रेखांकित करती है। यह दर्शाता है कि कृष्ण ने अपने माता-पिता और परिवार की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया। गोकुल त्याग लीला हमें यह सिखाती है कि हमें हमेशा अपने परिवार की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए और मुश्किल समय में भी साहस और दृढ़ता से सामना करना चाहिए। यह हमें सिखाती है कि हमें हमेशा न्याय और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। गोवर्धन पूजा का रसपान कराते हुए कहा कि इंद्र देव के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाया और सात दिन तक ब्रजवासियों को उसकी छाया में शरण दी। यह लीला गोवर्धन पूजा के रूप में मनाई जाती है, जिसमें भगवान कृष्ण को अन्नकूट का भोग लगाया जाता है और गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है। श्री पाराशर ने बताया कि जब भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था, तो उन्होंने 7 दिनों तक कुछ नहीं खाया था। फिर ब्रजवासियों और यशोदा ने अपनी कृतज्ञता के रूप में 56 विभिन्न प्रकार के भोगों का प्रसाद चढ़ाया, जिससे 56 भोग की परंपरा शुरू हुई।





# गोकुल मिष्ठान संचालक के पुत्र का आकस्मिक निधन, हुआ अंतिम संस्कार

**नगर संवाददाता**



मुरैना। शहर की पुरानी कलेक्ट्रेट के पास गोकुल मिष्ठान भंडार संचालक के पुत्र का सोमवार को एम्स दिल्ली में आकस्मिक निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को मुरैना बड़ोखर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। गोकुल मिष्ठान भंडार के संचालक महेश तिवारी के पुत्र राहुल तिवारी उम्र 40 वर्ष का लंबी बीमारी के चलते सोमवार को एम्स दिल्ली में निधन हो गया। मंगलवार की सुबह उनका शव मुरैना लाया गया और पंचम वाली गली गणेशपुरा मुरैना से अंतिम यात्रा बड़ोखर स्थित मुक्तिधाम पहुंची। यहां महेश तिवारी के छोटे पुत्र रोहित द्वारा राहुल को मुखाग्नि दी गई। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, राजनैतिक लोग, अभिभाषक एवं तमाम शुभचिंतक मौजूद थे।

कविता

## वो दिन...

वो दिन भी आएगा,सबका जीवन संवर जाएगा
ना दुःख होंगे ना भूखा क़ोई रह पाएगा

भारतीय अधिकार के लिए नहीं, कर्तव्य के लिए जाना जाएगा
हर युवा देश का सेवक कहलायेगा द्य

पर्यावरण के सुधार में हर नागरिक आगे आएगा
खुद से प्रयास करके कुछ दिखाएगा

शायद एक दिन यह नियम ही बन जाएगा
जो पर्यावरण को प्रदूषित करेगा वही सजा पाएगा

तेरा मेरा भेद सब समाप्त हो जाएगा
बच्चा बच्चा भारत का गुणगान गाएगा

वो दिन भी आएगा भारत विश्व में सबसे ऊंचा बन जाएगा
तब मेरे भारत का झंडा और शान से लहराएगा

वह दिन भी आएगा जब भारत पर्यावरण की समस्या का समाधान पाएगा
तब भारत में समस्या का निदान हो जाएगा

वह दिन आएगा जब भारत में भ्रष्टाचार का भी अंत हो जाएगा

भारत का झंडा विश्व में भी लहराएगा



**वंदना घनश्याला की कलम कलम से**

कविता

## 11 जून: संत गुरु कबीर जयंती पर विशेष

कबीरदास के नाम पे होता हैं फक्र...!

जब भारतीय संत परंपरा का होता है जिक्र,
तब संत कबीरदास के नाम पे होता हैं फक्र।

ऐसी वाणी, पाखंड की बेड़ियों को तोड़ गई,
मानवता को सत्य व प्रेम की राह दिखा गई।

कबीर, तूफान की तरह गूँजायमान होता हैं,
न झुकने और न थमने वाला संत पिरोता हैं।

जब भारतीय संत परंपरा का होता है जिक्र,
तब संत कबीरदास के नाम पे होता हैं फक्र।

वे न राजसत्ता के गुलाम, न धर्म के ठेकेदार,
सत्य,समानता और करुणा के बने पहरेदार।

क्रांति का शंखनाद और चेतना का महापर्व,
कबीर की आवाज हमें झकझोर रहीं हैं गर्व।



**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**

# शब्दों के सही मतलब के चयन से व्यक्तित्व में निखार झलकता है, बौद्धिक क्षमता का परिचय होता है

शब्दों के इस्तेमाल की कला-साहब ! शब्द एक है,मतलब अलग-अलग है- आमंत्रण-निमंत्रण बनाम आरंभ-प्रारंभ बौद्धिक व्यवहार के मूल्यांकन का एक स्तंभ, शब्दों की गहराई में जाकर संबंधित स्थिति में शब्द का प्रयोग करना गुणी व्यक्तित्व की पहचान है-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश में अलग-अलग भाषाएं होती है, विशेष रूप से भारत तो भाषाओं लिपियों शब्दों का गहरा समुद्र है,जहां अनेकों ऐसे शब्द हैं जिनका मतलब उनकी परिस्थितियों के अनुसार बदल जाता है या अनेक होते होते है, परंतु इसका मतलब परिस्थितियों की स्थिति के अनुसार निकालना पड़ता है या फिर अनेक शब्द ऐसे होते हैं जिनका अगर एक अक्षर भी बदल जाए तो उसका मतलब ही बदल जाता हैजबकि दो शब्द ऐसे है जैसे आमंत्रण-निमंत्रण व आरंभ-प्रारंभ कई लोग इसका अर्थ एक ही समझते हैं परंतु यह दोनों शब्दों की जोड़ी के प्रत्येक शब्द का उपयोग उस परिस्थितिजन्य स्थिति में किया जाता है। अगर मैं इन सामान शब्दों या एक शब्द को एक वकील या सीए की नजर से देखूं तो एक शब्द के अनेक माईना निकालकर अपने अरगुमेंट को बेस्ट परफॉर्मेंस दे सकता हूं, परंतु इन शब्दों की व्याख्या के लिए भी हमारी वकालत में इंटरप्रिटेशन एक्ट बना हुआ है जो, जज साहब द्वारा जजमेंट देते समय उन शब्दों की व्याख्या उसके अनुसार ही की जाती है, इसलिए वह एक शब्द ही है जो इंसान की जिंदगी बिगाड़ सकता है तो उसकी व्याख्या जिंदगी संवार भी सकता है। दूसरे शब्दों में इसी शब्द की एक लीगल व्याख्या में सजा भी हो सकती है तो दूसरी ओर इसी शब्द की दूसरी व्याख्या में एक्विट्टल यानी छूट भी मिल सकती है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि आज मैंने फेसबुक में एक मेल फीमेल के बीच आमंत्रण-निमंत्रण व आरंभ-प्रारंभ शब्दों के मतलब को लेकर एक चर्चा, यू कहें की डिबेट चल रही थी जो आपने-अपने ढंग से इसकी व्याख्या कर रहे थे,फिर मैंनें इस विषय को आर्टिकल लिखने के लिए चुनकर रिसर्च शुरू किया, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बौद्धिक व्यवहार के मूल्यांकन का एक स्तंभ शब्दों की गहराई में जाकर संबंधित स्थिति के अनुसार शब्द का प्रयोग करना ही गुणी व्यक्तित्व की पहचान है। साथियों बात अगर हम आमंत्रण व निमंत्रण के मतलब को समझने की करें तो, दोनों ही किसी को बुलाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं,लेकिन इनमें अंतर होता हैआमंत्रण अनौपचारिक होता है, जबकि निमंत्रण औपचारिक होता है।आमंत्रण में जाने की बाध्यता नहीं होती, जबकि निमंत्रण में जाने की बाध्यता होती है। आमंत्रण और निमंत्रण में अंतर- (1) आमंत्रण में किसी विषय विशेष पर विशेष व्यक्ति को बुलाया जाता है वहीं, निमंत्रण किसी अवसर विशेष पर विशेष व्यक्तियों को बुलाया जाता है।(2) आमंत्रण में लक्ष्य निर्धारित होता है और लक्ष्य प्राप्त होने पर आमंत्रण खत्म हो जाता है वहीं, निमंत्रण में लक्ष्य के साथ लोकाचार भी होता है। (3) आमंत्रण में हर व्यक्ति के पास एक लक्ष्य होता है, वह या तो वक्ता होता है या फिर श्रोता।(4) आमंत्रण से व्यक्ति की प्रतिष्ठा जुड़ती है। (5) आमंत्रण का मतलब होता है- आवाज देना या बुलाना। (6) निमंत्रण एक ऐसा बुलावा है जिसमें जाने की बाध्यता होती है। (7) निमंत्रण पर आपके न जाने पर सामने वाले स्वजन को बुरा भी लग सकता है। (8) आमंत्रण और निमंत्रण दोनों को अंग्रेज़ी में इनविटेशन कहते हैं। निमंत्रण में समय निर्धारित होता है और अतिथि से उसी समय में अनिवार्य तौर पर आने की अपेक्षा की जाती है जबकि आमंत्रण में अनिवार्यता नहीं होती है।निमंत्रण, आमंत्रण से अलग कैसे है (1) निमंत्रण में सिर्फ शारीरिक उपस्थिति उपयोगी है।(2) निमंत्रण में एक आयोजन होता है परंतु प्रत्येक व्यक्ति का लक्ष्य निर्धारित नहीं होता। (3) निमंत्रण में आयोजन पूर्ण होने पर भोजन आदि के साथ उत्सव मनाया जाता है। (4) निमंत्रण सामाजिक मेल मिलाप के



लिए होता है। (5) निमंत्रण भारत में लोकाचार का एक उपकरण है। (6) विवाह समारोह में निमंत्रण दिया जाताहै। (7) धार्मिक आयोजनों में निमंत्रण दिया जाता है। (8) पारिवारिक कार्यक्रमों में निमंत्रण दिया जाता है। (9) आमंत्रण और निमंत्रण दोनों किसी को बुलाने के लिए प्रयोग किए जाते हैं। (10) आमंत्रण किसी विषय विशेष पर विशेष व्यक्ति का बुलावा होता है। (11) निमंत्रण किसी अवसर विशेष पर विशेष व्यक्तियों का बुलावा होता है। (12)आमंत्रण में लक्ष्य निर्धारित होता है और लक्ष्य प्राप्त होते ही आमंत्रण समाप्त हो जाता है। (13) निमंत्रण में लक्ष्य के साथ लोकाचार भी होता है। लक्ष्य प्राप्ति के बाद उत्सव होता है। (14) मंच पर वक्ता को आमंत्रित किया जाता है। (15) कार्यक्रम में श्रोता को आमंत्रित किया जाता है।(16) मीटिंग सेमिनार, समाज सेवा के कार्य, कला एवं संस्कृति के आयोजनों में लोगों को आमंत्रित किया जाता है। (17) आमंत्रण में हर व्यक्ति के पास एक लक्ष्य होता है। वह या तो वक्ता होता है या फिर श्रोता। (18) आमंत्रण से व्यक्ति की प्रतिष्ठा जोड़ती है। दोनों ही शब्दों में %मंत्र% धातु की एक सी उपस्थिति है। सामान्य रूप से %आमंत्रण% और निमंत्रण बुलावे के लिए प्रयुक्त होते है, परंतु %आ% और %नि% के चलते इनके अर्थो में विशिष्टता आ गई है। इसी विशेषता के कारण ऋषि-मुनियों ने आमंत्रण के बाद निमंत्रण शब्द का अनुसंधान किया। यह बताने की जरूरत नहीं कि हिंदी में एक एक शब्द को प्रचलन में शामिल करने से पहले उस पर काफी अनुसंधान यानी रिसर्च और शास्त्रार्थ यानी डिस्कशन हुए हैं। आमंत्रण और निमंत्रण में व्याकरण का अंतर-आमंत्रण% और %निमंत्रण% दोनों का अर्थ समान समझ लिया जाता है, पर ऐसा नहीं है। दोनों ही शब्दों में %मंत्र% धातु की एक सी उपस्थिति है। सामान्य रूप से आमंत्रण और निमंत्रण बुलावे के लिए प्रयुक्त होते है, परंतु %आ% और %नि% के चलते इनके अर्थो में विशिष्टता आ गई है। इसी विशेषता के कारण ऋषि- मुनियों ने आमंत्रण के बाद निमंत्रण शब्द का अनुसंधान किया। यह बताने की जरूरत नहीं कि हिंदी में एक एक शब्द को प्रचलन में शामिल करने से पहले उस पर काफी अनुसंधान यानी रिसर्च और शास्त्रार्थ यानी डिस्कशन हुए हैं। साथियों बात अगर हम आरंभ-प्रारंभ के मतलब को समझने की करें तो, हिंदी की अनुभवी शिक्षिका विशेषज्ञ के अनुसार, आरंभ शब्द का अर्थ कोई नया काम शुरू करने से होता है। उदाहरण के लिए, चलिए भोजन आरंभ कीजिए%। वहीं, जब कोई काम किसी विराम के बाद दोबारा शुरू होता है तब प्रारंभ शब्द का प्रयोग किया जाता है, जैसे- %तबीयत ठीक होने के बाद उसने विद्यालय जाना प्रारंभ कर दिया है%। क्या समानता है प्रारंभिक और आरंभिक में ? प्रारंभिक और आरंभिक दो शब्द हैं जो किसी क्रिया, प्रक्रिया, या घटना के संदर्भ में प्रयोग हो सकते हैं और इन दोनों में कुछ समानता हो सकती है, लेकिन ये दोनों अलग-अलग अर्थ प्रकट कर सकते हैं, आवश्यक नहीं है कि ये हमेशा समान हों।÷प्रारंभिक÷ शब्द सामान्यत- किसी क्रिया, प्रक्रिया या घटना के शुरूआती चरण या स्थिति को सूचित करने के लिए प्रयोग होता है। यह शब्द विशेषत- (1) यह दर्शाता है कि एक क्रिया, प्रक्रिया या घटना का आदि चरण या स्थिति है।(2) इसका प्रयोग किसी प्रक्रिया के पहले चरण के संदर्भ में किया जा सकता है, जैसे कि प्रारंभिक ज्ञान (अर्थात् बेसिक ज्ञान) या प्रारंभिक स्टेज (अर्थात् इवेंट की शुरुआती चरण)।आरंभिक शब्द भी सामान्यत- किसी क्रिया, प्रक्रिया या घटना के शुरूआती चरण को सूचित करने के लिए प्रयोग होता है, लेकिन इसके अलावा यह शब्द विशेषत-(1) यह दर्शाता है कि एक क्रिया, प्रक्रिया या घटना का प्रारंभी चरण है, लेकिन इसके बाद और अधिक चरण हो सकते हैं।(2) आरंभिक शब्द का प्रयोग किसी प्रक्रिया के पहले चरण के संदर्भ में किया जा सकता है, लेकिन यह भी इसके बाद के चरण को सूचित करने के लिए प्रयोग हो सकता है।इसके बावजूद, इन दोनों शब्दों का प्रयोग आपके संदर्भ और वाक्य के साथ बदल सकता है, और इसलिए आपको उनका सटीक अर्थ विशिष्ट संदर्भ के आधार पर समझना होगा। आरंभ और प्रारंभ दोनों अलग कैसे हैं? कार्य की प्रथम शुरुआत आरंभ और कुछ समय के विराम के पश्चात पुनः शुरू करने को प्रारंभ कहा जाता है ।

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया**

## भारतीय अर्थव्यवस्था को भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण तोहफे

भारतीय रिजर्व बैंक के उक्त महत्वपूर्ण दोनों निर्णयों से वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भारत में उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी क्योंकि बैंक अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ऋणराशि पर ब्याज दरों को कम करेंगे। वैश्विक स्तर पर विश्व के कई देशों में आर्थिक गतिविधियों पर संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में तो श्री डॉनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद से नित नई घोषणाएं की जा रही है। कभी टैरिफ को बढ़ाया जा रहा है तो कभी टैरिफ को लागू करने की तारीखों में परिवर्तन किया जा रहा है तो कभी टैरिफ को कम किया जा रहा है। कुल मिलाकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। अभी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रम्प एवं अमेरिका के एक महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली मंत्री श्री एलान मस्क के बीच युद्ध छिड़ गया है एवं अब वे एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था का इन सब बातों से बहुत नुक्सान होता हुआ दिखाई दे रहा है। बेरोजगारी भत्ता लेने वाले नागरिकों की संख्या में वृद्धि हो रही है, अमेरिकी



कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छंटनी पर विचार किया जा रहा है एवं आर्थिक विकास दर कम हो रही है। दूसरी ओर, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होने के आसार अभी भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक तरह से इजराईल, हम्मास के बीच युद्ध अभी भी जारी ही है। चीन एवं अमेरिका के बीच में आई खटास भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। वैश्विक स्तर पर इन समस्त घटनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था नित नई ऊचाईयों को छूने की ओर अग्रसर है। भारत में नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रति कटिबद्ध हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों के उपक्रम एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियां देश के आर्थिक विकास को गति देने में अपने प्रयास लगातार तेज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 6 जून 2025 को द्विमासिक मुद्रा नीति की घोषणा करते हुए, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से, दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक, रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6 प्रतिशत की दर से नीचे लाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है। केलेंडर वर्ष 2025 में रेपो दर में यह लगातार तीसरी कटौती की गई है एवं कुल मिलाकर रेपो दर में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा चुकी है। फरवरी 2025 एवं अप्रेल 2025 घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से रेपो दर में दोनों बार 25 आधार बिंदुओं की कमी की गई थी। रेपो दर उस दर को कहते हैं, जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों को आवश्यकता पड़ने पर ऋण उपलब्ध कराता है एवं विभिन्न बैंक रेपो दर को आधार दर बनाते हुए इस दर पर कुछ आधार बिंदु (जमाराशि की लागत एवं लाभ की राशि का समायोजन करते हुए) जोड़ते हुए, ब्याज की दर पर, अपने ग्राहकों को ऋणराशि उपलब्ध कराते हैं। -**शम्भवी सिंह**



आस्था

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि दिन बुधवार

# अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस 11 जून 2025-बच्चों के खेलने से उनका शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक विकास तेज़ी से होता है

अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य खेलों को संरक्षित रखना, बढ़ावा देनां व विशेष रूप से बच्चों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है भारतीय खेलों गिल्ली-डंडा,ख़ो- ख़ो,लंगडी, कांचे सहित अनेको पारंपरिक खेलों को राष्ट्रीय परिपेक्ष में लाकर फिर अंतरराष्ट्रीय मंच के लक्ष्य का संज्ञान लेना ज़रूरी-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत क़ी संस्कृति और सभ्यता जिसमें बच्चों के पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है, को हजारों लाखों वर्षों पुरानी होने की बातें प्रिंट मीडिया में चलती रहती है, स्वाभाविक रूप से गिली-डंडा ख़ो-ख़ो, लंगडी, कांचे सहित अनेकों पारंपरिक खेल जो हमने अपने बचपन में खेले थे,वे कई पीढियां से चलते आ रहे हैं,जो आदि अनादि काल का ही होंगे। परंतु आज इनका वजूद शायद मिटने की ओर, यानें विलुप्तता की ओर बढ़ चला है, हालांकि कबड्डी व ख़ो-ख़ो को कुछ हद तक प्रतिसाद मिलते रहते हैं परंतु बाकी खेलों को शायद नहीं मिलता। मेरा मानना है कि जब हमारे माननीय पीएम व गृहमंत्री, आज जब मेडिकल से लेकर इंजीनियरिंग तक पढ़ाई मातृभाषाओं में लागू कर दिया है जिसका उल्लेख माननीय गृहमंत्री ने 9 जून 2025 को तमिलनाडु में एक संबोधन में भी किया। बोलचाल, उनकी लिपियों को संरक्षित रखने की शानदार शुरुआत कर चुके हैं तो, मेरी इस आर्टिकल के माध्यम से अपील है कि अनेकों पौराणिक खेलों की सूची बनाकर उनमें से उचित खेलों को राष्ट्रीय परिपेक्ष में कन्वर्ट करने का संज्ञान लेना समय की मांग है। वर्तमान डिजिटल युग में हम अपनी परंपराओं पौराणिक खेलो सभ्यता की विलुप्तता महसूस कर रहे हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि पूरी दुनियाँ 11 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रही है, यह दिवस दुनिया भर में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का प्रतीक है,क्योंकि खेल केवल मनोरंजन नहीं होता, बल्कि यह बच्चों को सहयोग,नेतृत्व,समस्या समाधान और रचनात्मकता जैसे जीवन के आवश्यक कौशल सिखाता है।तकनीक के बढ़ते प्रभाव और पढ़ाई के बढ़ते दबाव के कारण बच्चों का खेल समय सीमित होता जा रहा है। ऐसे में यह दिन सभी को याद दिलाता है कि खेल बच्चों के समग्र विकास के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि शिक्षा। बच्चों को खेलने के लिए प्रोत्साहन देने उनको सुरक्षित करने इन खेलों का लाभ देने के लिए मनाया जाता है,जिससे बच्चों को शारीरिक मानसिक सामाजिक विकास पूरी गति के साथ हो सके इन पुराने खेलों को सुरक्षित कर उन्हें बढ़ावा देने के लिए एक सरकारी प्लेटफार्म बनाया जाए ताकि उनका लाभ बच्चों को दिया जा सके इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बच्चों के खेलने से उनके



शारीरिक मानसिक तथा सामाजिक विकास में तेजी से बढ़ावा होता है।

साथियों बात अगर हम बच्चों के जीवन में खेलों के महत्व की करें तो,अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष 11 जून को मनाया जाता है। यह दिवस बच्चों के खेल के महत्व को उजागर करने और उनके शारीरिक,मानसिक तथा सामाजिक विकास में खेल की भूमिका को पहचानने के उद्देश्य से मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिन बच्चों को उनके बचपन का मूल अधिकार, खेल सुनिश्चित करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।खेल एक बेहतर दुनिया बनाता है।11 जून 2025 को मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस, खेल को संरक्षित करने, बढ़ावा देने और प्राथमिकता देने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, ताकि सभी लोग, विशेष रूप से बच्चे, इसके लाभों का लाभ उठा सकें और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें।महज मनोरंजन से परे, खेल सभी उम्र के लोगों द्वारा बोली जाने वाली एक सार्व भौमिक भाषा है, जो राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक सीमाओं से परे है। यह साझा जुनून समुदाय और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देता है।यह व्यक्तियों में लचीलापन, रचनात्मकता और नवाचार को भी बढ़ावा देता है। विशेष रूप से बच्चों के लिए, खेल संबंध बनाने और नियंत्रण में सुधार करने, आघात से उबरने और समस्या- समाधान में मदद करता है। यह बच्चों को संज्ञानात्मक,शारीरिक, रचनात्मक, सामाजिक और भावनात्मक कौशल विकसित करने में मदद करता है, जिनकी उन्हें तेजी से बदलती दुनिया में पनपने के लिए आवश्यकता होती है।खेलने के अवसरों को सीमित करना सीधे तौर पर बच्चे की भलाई और विकास में बाधा डालता है। शैक्षिक सेटिंग्स में, खेल-आधारित शिक्षा को छात्रों को सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए एक प्रभावी दृष्टिकोण के रूप में मान्यता दी गई है। यह सीखने को अधिक आनंददायक और प्रासंगिक बनाने में मदद करता है, जिससे प्रेरणा और जानकारी को बनाए रखने में वृद्धि होती है।इसके अलावा, खेल को सहिष्णुता, लचीलापन को बढ़ावा देने और सामाजिक समावेशन ,संघर्ष की रोकथाम और शांति निर्माण को सुविधाजनक बनाने पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाला माना जाता है । इसे मान्यता देते हुए, बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ने अनुच्छेद 31 के तहत खेल को हर बच्चे के मौलिक अधिकार के रूप में सुनिश्चित किया है ।यह अंतर्राष्ट्रीय दिवस वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर खेल के महत्व को बढ़ाने के लिए एक एकीकृत क्षण बनाता है। यह दुनिया भर में शिक्षा और सामुदायिक सेटिंग्स में खेल को एकीकृत करने के लिए नीतियों, प्रशिक्षण और वित्तपोषण के लिए आह्वान करता है। साथियों बात अगर हम खेलों का बच्चों के जीवन में अतिमहत्वपूर्ण स्थान होने की करें तो, बच्चे खेल के माध्यम से सबसे अच्छा सीखतेहैं।खेल विकासके सभी क्षेत्रोंबौद्धिक सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक - में शक्तिशाली सीखने के अवसर पैदा करते हैं। खेल के माध्यम से, बच्चे दूसरों के साथ संबंध बनाना, नेतृत्व कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला का निर्माण करना, लचीलापन विकसित करना, रिश्तों और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना और साथ ही अपने डर पर विजय प्राप्त करना सीखते हैं। जब बच्चे खेलते हैं, तो वे सुरक्षित महसूस करते हैं। बच्चे अपने आस-पास की दुनिया को समझने के लिए खेलते हैं।आम तौर पर,खेल बच्चों को कल्पना और रचनात्मकता को व्यक्त करने और विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो कि प्रौद्योगिकी-संचालित और अभिनव दुनिया के लिए महत्वपूर्ण कौशल हैं जिसमें हम रहते हैं।चंचल बातचीत माता-पिता, देखभाल करने वालों और बच्चों के कल्याण और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य में योगदान देती है। जब मानवीय संकट बच्चे की दुनिया को उलट-पुलट कर देते हैं, तो खेल के ज़रिए ही बच्चे प्रतिकूल अनुभव से सुरक्षा और राहत पा सकते हैं, साथ ही दुनिया के साथ अपने अनुभवों का पता लगाने और उन्हें संसाधित करने में भी सक्षम हो सकते हैं। जब बच्चों को युद्ध, संघर्ष और विस्थापन के कारण उनके घरों से निकाल दिया जाता है, तो माता-पिता/देखभाल करने वालों और साथियों के साथ पोषण संबंधों तक पहुँच हिंसा, संकट और अन्य प्रतिकूल अनुभवों के प्रभावों से महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच होती है। खेल बच्चों को आराम और सुकून देते हैं।माता-पिता/देखभालकर्ताओं और बच्चों के बीच खेलपूर्ण बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकारों और अन्य हितधारकों को एक अनुकूल वातावरण बनाने की आवश्यकता है।

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया**

## ब्रीफ न्यूज

### भोपाल में किसान के साथ दो करोड़ की ठगी

**भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की जांच में एक चौंकाने वाली धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है, जिसमें राजधानी भोपाल के एक किसान की 12.46 एकड़ कृषि भूमि फर्जीवाड़े से हड़प ली गई। आरोप है कि ट्राइडेंट मल्टीवेंचर्स नामक फर्म के संचालकों ने न केवल किसान को बहला-फुसलाकर रजिस्ट्री कराई, बल्कि भुगतान का झांसा देकर करीब दो करोड़ रुपए की रकम भी हड़प ली। इस संगठित साजिश में ट्राइडेंट मल्टीवेंचर्स के मास्टरमाइंड राजेश शर्मा, सहयोगी दीपक तलुसानी और राजेश तिवारी की भूमिका सामने आई है। तीनों पर भारतीय दंड संहिता की कई गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। रातीबड़ निवासी शिकायतकर्ता चिंतामणि सिंह मारण की कृषि भूमि को हाईकोर्ट के आदेश पर उनके नाम किया गया था। इसके बाद राजेश शर्मा ने उन्हें जमीन के नामांतरण और बिक्री के नाम पर झांसा दिया।

### वित्त विभाग ने 13 जून तक मांगे बजट प्रस्ताव

**भोपाल।** जुलाई में होने वाले मानसून सत्र की तैयारियां वित्त विभाग ने शुरू कर दी हैं। वित्त विभाग की ओर से इस सत्र में पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा जिसके लिए सभी विभागों से अनुपूरक बजट संबंधी प्रस्ताव मांगे गए हैं। प्रस्तावों का परीक्षण करने के बाद वित्त मंत्री की अनुमति से इसे कैबिनेट में पेश किया जाएगा और फिर विधानसभा में लाया जाएगा। वित्त विभाग ने वर्ष 2025-26 के पहले अनुपूरक बजट की तैयारियों के मद्देनजर सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि 13 जून तक वे अपने विभाग से संबंधित अनुपूरक बजट के प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दें। जीरो बेस बजट प्रणाली के आधार पर समीक्षा के बाद पूर्व में लंबित बिलों का भी बजट में प्रावधान किया जा चुका है। ऐसे में अब विभागों की जिम्मेदारी है कि तय प्रावधानों के अंतर्गत ही आईएफएमआईएस पर ऑनलाइन प्रस्ताव भेजें।

### 4 दिन में करें ब्रिज का उद्घाटन, नहीं तो जनता करेगी

**जबलपुर।** जबलपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर फ्लाई ओवर ब्रिज के लोकार्पण की मांग की है। कहा कि करीब एक हजार करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश का सबसे लंबे फ्लाईओवर ब्रिज बनकर तैयार हो चुका। मार्च माह में लोकार्पण होना था, लेकिन जून आ गया। मंत्री राकेश सिंह और जबलपुर के सांसद आशीष दुबे के आपसी खींचतान बीच चल रही है। श्रेय लेने की राजनीति के कारण आज तक इस फ्लाईओवर का विधिवत लोकार्पण नहीं हो पाया है। कांग्रेस ने 4 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि अगर इसके बाद भी इस और ध्यान नहीं दिया गया तो जनता फ्लाईओवर ब्रिज का उद्घाटन कर देगी। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा के साथ सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को ?? ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि जिले के लोक निर्माण मंत्री और सांसद के बीच चल रही आपसी खींचतान का खामियाजा जबलपुर सहित आसपास के जिलों की आम जनता को उठाना पड़ रहा है।

### इंदौर में प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या नशे में हुआ विवाद

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते हत्या का मामला सामने आया है। एक महिला के साथ लिव-इन में रह रहे युवक की उसके पुराने प्रेमी ने सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। विजयनगर पुलिस के अनुसार, घटना अपोलो अस्पताल के पास स्थित एक खाली प्लॉट की है, जहां गगन केवट (पुत्र अशोक केवट) अपनी साथी रानी केवट के साथ झोपड़ी में रह रहा था। सोमवार रात गगन और अशोक नगर निवासी देवेन्द्र उर्फ छोटू के बीच शराब के नशे में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर देवेन्द्र ने गगन के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गगन को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि रानी पहले देवेन्द्र की प्रेमिका थी, लेकिन कुछ समय पहले वह उसे छोड़कर गगन के साथ रहने लगी थी। इसी बात से नाराज होकर देवेन्द्र ने गगन की हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

---

**फिर बढ़ी तबादला अवधि, अब 17 जून तक होंगे**

# आदिवासियों के घरों तक सड़क बनाने के लिए मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना शुरू होगी

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** मोहन यादव कैबिनेट ने तय किया है कि आदिवासियों के घरों तक सड़क बनाकर देंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना शुरू की जाएगी। इस योजना में 30900 किमी सड़कें बनाई जाएंगी। योजना में 21600 करोड़ खर्च किए जाएंगे। एक अन्य फैसले में तबादला अवधि दूसरी बार बढ़ाने का फैसला किया गया है। अब 17 जून तक तबादले किए जा सकेंगे। नगरीय विकास और आवास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मोहन कैबिनेट ने मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना शुरू करने का फैसला किया है। इस योजना में मजरे-टोलों को सड़क से जोड़ा जाएगा। पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने इसका प्रस्ताव रखा जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से कहा है कि वे अपने क्षेत्र में ऐसे मजरे-टोलों की तलाश कर जानकारी दें, ताकि सड़क बनाई जा सके। इस योजना के तहत 30900 किमी सड़कें बनाई जाएंगी और इसके लिए 21600 करोड़ खर्च होंगे। यहां डामर, लेवल के आधार पर सीसी रोड भी बनेंगी। विजयवर्गीय ने बताया कि सर्वे के अनुसार प्रदेश में 20600 बसाहटें ऐसी हैं जिसका एरिया 600 वर्गमीटर है। इनमें अगर बसाहट से 50 मीटर दूरी पर सड़क नहीं होगी और बसाहट में 20 मकान होंगे तो सड़क बनाई जाएगी। इसके लिए कलेक्टर, सांसद, जनप्रतिनिधियों की एक सलाहकार और परामर्शदात्री समिति बनाई जाएगी जो सुझाव देगी और इसी आधार पर सड़कों का निर्माण किया



जाएगा। इस योजना में सड़कों के निर्माण के लिए पीएम सड़क योजना की शर्तें लागू होंगी। मोहन कैबिनेट ने तबादले की समय सीमा बढ़ाकर 17 जून कर दी है। विभागों में तबादलों की अवधि आज खत्म हो रही थी। कैबिनेट बैठक के दौरान कई मंत्रियों ने तबादले का समय बढ़ाने की मांग की। इस दौरान यह बात भी सामने आई कि शिक्षा विभाग का पोर्टल समय पर तैयार नहीं होने के कारण 10 जून की स्थिति में तबादले नहीं हो सकेंगे। इसलिए इसे 17 जून तक बढ़ाने का फैसला लिया। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि उन्होंने तबादला अवधि बढ़ाने का विरोध किया, पर शिक्षा विभाग के कारण दूसरे विभागों को भी फायदा मिल गया है। विजयवर्गीय ने बताया कि तुअर की दाल एमपी में कम होती है और इसका आयात महाराष्ट्र से होता है। इस पर मंडी टैक्स लगता है। एमपी की जो दाल महाराष्ट्र जाती है उस पर भी मंडी टैक्स लगता है। आज हुई बैठक में दाल मिल एसोसिएशन के आग्रह पर महाराष्ट्र से आने वाली तुअर दाल पर मंडी टैक्स में छूट देने का फैसला किया गया है। इसके बाद यहां दाल मिलों को बढ़ावा मिल सकेगा। कैबिनेट ने जिला विकास सलाहकार समिति बनाने का फैसला लिया है। हर जिले में इसका गठन होगा और अध्यक्ष मुख्यमंत्री और उपाध्यक्ष प्रभारी मंत्री होंगे। इस समिति का उद्देश्य जिले के विकास का रोडमैप तैयार करना है। इसमें सदस्य सभी जनप्रतिनिधि होंगे। हर क्षेत्र के एक्सपर्ट्स को इस समिति में शामिल किया जाएगा। सोलर हो, उद्योग या कोई अन्य सदस्य इसमें बुलाए जा सकेंगे। इसमें 20 सदस्य होंगे। समिति अपनी सलाह राज्य सरकार को देगी और सरकार इस पर जिले के विकास के लिए फैसला करेगी और जरूरत होने पर फंड भी रिलीज करेगी। केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया गया है कि पीएम नरेंद्र मोदी हमेशा महिला सशक्तिककरण के लिए काम करते हैं और 40.59 करोड़ रुपए दिए गए हैं जिसमें 350 बेड वाले वर्किंग वूमन हॉस्टल बनेंगे। यह चार स्थानों झाबुआ, सिंगरौली, देवास और नर्मदापुरम में पीपीपी मोड पर बनेंगे। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मंत्रियों से सीएम यादव ने कहा कि बारिश का मौसम आने वाला है।

---

**देवी अहिल्या और बरकतउल्ला विवि के कुलसचिव हटाए**

## 97 प्रोफेसर, 286 असिस्टेंट प्रोफेसर, 2 प्राचार्य समेत 554 के सिंगल आर्डर से तबादले

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुल सचिव को हटा दिया है। इसके साथ ही बरकत उल्ला विश्वविद्यालय के कुल सचिव भी बदले गए हैं। इसके अलावा विभाग ने प्राचार्य, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन, क्रीड़ा अधिकारी के थोक तबादले किए हैं। तबादले के विरोध में प्रोफेसरों और असिस्टेंट प्रोफेसरों को कोर्ट जाने से रोकने के लिए विभाग ने एक साथ सूची जारी करने के बजाय हर एम्प्लाई की




सिंगल आर्डर वाली तबादला सूची जारी की है। बता दें कि मोहन कैबिनेट ने आज ही तबादला अवधि 17 जून तक बढ़ा दी है। तबादलों पर एक्शन के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने कोर्ट में केविएट भी लगा रखी है ताकि शासन का पक्ष सुनने के बाद ही कोर्ट तबादले का विरोध कर कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वालों के मामले में फैसला दे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी तबादला आदेश में सभी विषयों के प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर प्रभावित हुए हैं। विभाग ने जो सूची जारी की है उसमें 44 लाइब्रेरियन, 97 प्रोफेसर, 32 क्रीड़ा अधिकारी, 286 सहायक प्राध्यापक और दो प्राचार्य शामिल हैं। यह सभी तबादला आदेश 9 जून की डेट में जारी हुए हैं। विभाग के अफसरों के मुताबिक अभी कुछ और प्रोफेसरों के तबादले हो सकते हैं। साथ ही प्राचार्य भी बदले जाएंगे। विभाग ने तृतीय श्रेणी कैडर के 83 कर्मचारियों को भी स्थानांतरित किया है।

**यहां के कुल सचिव, उप कुलसचिव और सहायक कुल सचिव बदले :-**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 9 जून को जारी तबादला आदेश में 15 कुलसचिव और सहायक कुल सचिव के तबादले किए हैं।

आदेश में प्रभारी कुल सचिव बरकत उल्ला विश्वविद्यालय भोपाल आईके मंसूरी (उप कुल सचिव) को अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय में प्रभारी कुल सचिव बनाया है।

उप कुल सचिव और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव अजय वर्मा को बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू का प्रभारी कुल सचिव बनाया है।

इसी विश्वविद्यालय के उप कुल सचिव प्रज्जवल खरे को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर का प्रभारी कुल सचिव बनाया है।

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुल सचिव और उप कुल सचिव शैलेंद्र जैन को प्रभारी कुल सचिव राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा पदस्थ किया है।

---

### धर्मांतरण का लालच देकर मजदूर को फंसाने की कोशिश

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** सुखीसेवनिया थाना क्षेत्र में धर्मांतरण का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां रहने वाले मजदूर अनिल कुशवाह को एक पुराने परिचित ने पैसों और दुकान का लालच देकर धर्म बदलने का प्रस्ताव दिया। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद आरोपी कालूराम गौंड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, अनिल कुशवाह मूलतः मजदूरी करता है और सुखीसेवनिया में रहता है। एकता नगर निवासी कालूराम गौंड फर्नीचर का काम करता है और उसकी अनिल से पहले से जान-पहचान थी। इसी का फायदा उठाते हुए कालूराम ने अनिल से कहा कि यदि वह ईसाई धर्म अपनाता है, तो उसे 50 हजार रुपए और एक किराने की दुकान खुलवाकर दी जाएगी। इससे उसकी आर्थिक स्थिति सुधर जाएगी और उसे मजदूरी नहीं करनी पड़ेगी। अनिल कुशवाह ने कालूराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और सीधे सुखीसेवनिया थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

---

**तीन बहनों में इकलौते मासूम का अपहरण**

## खाटू श्याम दर्शन के लिए भोपाल से गया था परिवार, अब मां-बाप ने सीएम से लगाई गुहार

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के ऐशबाग के नवीन नगर से खाटू श्यामजी के दर्शन करने राजस्थान गया एक परिवार आजकल हर चौराहे, थाने और मंदिर के आगे अपने तीन साल के मासूम बेटे रक्षम को तलाश रहा है। 6 जून को जयपुर स्टेशन से शुरू हुई एक अनजान युवक की पहचान अब उनके जीवन की सबसे बड़ी मुसीबत बन गई है। वह युवक बच्चे को साथ ले गया और तब से मासूम का कोई सुराग नहीं है। परिवार पिछले 6 दिनों से दर-दर भटक रहा है। पुलिस की टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं, लेकिन अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है। अब बच्चे की मां ललिता जाटव और पिता अजय कुमार जाटव ने वीडियो जारी कर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान सरकार से हाथ जोड़कर मदद की गुहार लगाई है। 6 जून को भोपाल निवासी ललिता जाटव अपने बेटे रक्षम और सास आशा जाटव के साथ खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए



निकली थीं। जयपुर रेलवे स्टेशन पर एक युवक मिला, जिसने खुद को भी खाटू दर्शनार्थी बताया और उनके साथ हो लिया। जब परिवार मंदिर पहुंचा तो युवक ने भीड़ का बहाना बनाकर महिला और उसकी सास को दर्शन के लिए भेज दिया और कहा कि बच्चा वह संभाल लेगा। जब वे दर्शन कर लौटे तो न बच्चा मिला, न युवक। परिवार ने तुरंत सीकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच में सामने आया कि किडनैपर रक्षम को एक दुकान पर ले गया, जहां उसने उसे फ्रूटी पिलाई। बाद में वह थाने के आसपास भी घूमता नजर आया। इसके बाद वह लापता हो गया। जयपुर पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भेजी गई है। कई टीमों द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

---

### 'आम महोत्सव 8.0' की शुरुआत

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के बिट्टन मार्केट स्थित नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में आज से 'राज्य स्तरीय आम महोत्सव 8.0' का आगाज हो गया है। यह आयोजन 14 जून तक चलेगा। इस दौरान मध्यप्रदेश के आदिवासी जिलों से लाए गए प्राकृतिक और रसायनमुक्त आमों की 15 से अधिक किस्में बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस साल महोत्सव में नूरजहां आम बिक्री के लिए रखा गया है। अब तक यह आम केवल प्रदर्शनी का हिस्सा है। आलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में केवल 10 पेड़ों पर उगने वाला यह आम 1.5 किलो से ज्यादा भारी होता है और इसकी कीमत 2,000 रुपए प्रति किलो है। इसकी खेती चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि हल्की हवा में भी इसका भारी फल गिर सकता है।महोत्सव में मध्यप्रदेश के आदिवासी जिलों से लाए गए 30 टन से अधिक आम प्रदर्शित और बिक्री के लिए रखे गए हैं। खास बात यह है कि सभी आम प्राकृतिक और रसायनमुक्त तरीके से पके हैं। रीवा जिले के गोविंदगढ़ क्षेत्र से लाया गया त्रद्ध टैग प्राप्त सुंदरजा आम भी खास आकर्षण रहेगा।

---

## सांसद श्री कुशवाह ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संसदीय स्थायी समिति की बैठक में सहभागिता की

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** ग्वालियर सांसद श्री भारत सिंह कुशवाहा जी ने आज दिल्ली में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में सहभागिता की और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सांसद श्री कुशवाह ने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर आज हमारे किसान भाई ग्वालियर-चंबल संभाग सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश और देश के कई अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर श्री अन्न (मोटा अनाज) का उत्पादन कर रहे है इसलिए मोटे अनाज को प्राथमिकता के तौर पर खरीदने की कार्ययोजना तैयार की जाना चाहिए। श्री अन्न (मोटा अनाज) की पैदावार वाले इलाके मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में विशेष रूप से चिन्हित किया जाए और उपार्जन की अच्छी व्यवस्था की जाए, जिससे किसान भाई मोटे अनाज की खेती के लिए






प्रोत्साहित हो सके। श्री अन्न (मोटा अनाज) की चमक कई बार वर्षा और अन्य कारण से प्रभावित होती है, जिससे बडी मात्रा में किसानों की फसल की खरीदी नहीं हो पाती है। इसके लिए खरीदी प्रक्रिया में अनाज को, और क्र श्रेणी मे बांट कर संपूर्ण अनाज की खरीदी की व्यवस्था करने पर विचार होना चाहिए।

---

**मोदी सरकार के 11 साल, कांग्रेस ने पूछे सवाल**

## हरीश चौधरी बोले-अंबेडकर प्रतिमा पर आरएसएस ने विवाद खड़ा कराया

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** ग्वालियर हाई कोर्ट परिसर में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने साफ कहा कि इस मामले में कांग्रेस अधिकृत स्टैंड पहले ही रख चुकी है। हमारा स्टैंड साफ है कि कांग्रेस पार्टी बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति जिसकी प्रशासनिक तौर पर स्वीकृति हाईकोर्ट ने दी है वह वहां लगनी चाहिए। चौधरी ने यह बात दिल्ली में आयोजित की जा रही प्रेस कान्फ्रेंस में कही। बता दें कि केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री भोपाल में प्रेस कान्फ्रेंस करेंगे, जिसमें सरकार की उपलब्धियां गिनाई जाएंगी। उससे पहले कांग्रेस हमलावर हो गई है। चौधरी ने कहा- एक सोची समझी सोच के तहत आरएसएस विवाद उत्पन्न कर रही है। वर्ग संघर्ष कराना




चाहती है। यह शुरू से उन लोगों की रणनीति रही है। मुरैना में जिस प्रकार से ज्ञापन दिए गए हैं नया विवाद खड़ा करने की कोशिश है। देश में संविधान और बाबा साहब के संदर्भ में वह शुरुआत कर रहे हैं, इस मामले में कांग्रेस पार्टी का बड़ा स्पष्ट स्टैंड है। संविधान और दूसरे क्षेत्र में डॉ. अंबेडकर के योगदान को कांग्रेस और पूरा देश मानता है। चौधरी ने कहा कि बाबा साहब किसी एक वर्ग के नहीं हैं, पर वह लगातार प्रयास कर रही है कि उनको एक वर्ग तक सीमित कर दिया जाए। संविधान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को अधिकार देने में बाबा साहब का सबसे बड़ा योगदान है। कांग्रेस ग्वालियर हाई कोर्ट परिसर में लगने वाली मूर्ति के संदर्भ में जो भी बाधाएं आ रही हैं उन बाधाओं को दूर करने के लिए भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार से अपील करती है कि जो बाधाएं उन्होंने खुद ने उत्पन्न की हैं। उनका निपटारा करे। वह कहते हैं कि जब निर्णय हो चुका था और ऐसी भी बात नहीं है कि हाईकोर्ट परिसर में मूर्ति की स्थापना पहली बार हो रही है। इससे पहले देश के हाईकोर्ट परिसरों के भीतर मूर्तियां स्थापित हो चुकी हैं, लेकिन सिर्फ विवाद उत्पन्न करने के लिए, वर्ग संघर्ष कैसे पैदा हो, उसी मंशा से यह विवाद उन लोगों ने मूर्ति स्थापना के विवादों के अंदर घसीटा है। मेरा दोनों सरकारों से आग्रह है कि उनकी सोच जो भी है उस पर विराम लगे। संविधान में विश्वास रखने वाले हर वर्ग, जाति के लोग चाहते हैं कि बाबा साहब की मूर्ति की स्थापना ग्वालियर में हो। कांग्रेस को जो करना होगा वह करेगी, लेकिन उन को रणनीति में सफल नहीं होने देगी। पहले भी उन्होंने गांधी जी, नेहरु जी के संदर्भ में प्रयास किए हैं, उनमें उनका सफल नहीं होने देंगे।दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जीतू पटवारी ने कहा भाजपा, आरएसएस और नरेंद्र मोदी ये सब संस्थागत दलित विरोधी हैं, अंबेडकर विरोधी, आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी हैं। ग्वालियर हाई कोर्ट में अंबेडकर प्रतिमा लगाने का घटनाक्रम ताजा है, जिस पर आमजन चर्चा कर रहे हैं। कोर्ट की अनुमति के बाद भी प्रतिमा न लग पाना सबसे बड़ा मामला बना हुआ है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा स्थिति मुद्दों से ध्यान भटकाने की बन रही है।

---

### छतों पर मच्छरों का लार्वा मिला तो कटेगा चालान

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** मानसून की एंट्री होने वाली है। इस सीजन में जापानी इंसेफ्लाइटिस , डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों का खतरा ज्यादा रहता है। इन पर लगाम कसने के लिए मध्यप्रदेश का स्वास्थ्य विभाग अब हाई-टेक मोड पर आ गया है। विभाग इंदौर में सफल ट्रायल के बाद भोपाल और ग्वालियर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जीपीएस आधारित इंटीग्रेटेड ड्रोन सर्विस की शुरुआत करने जा रहा है। इसका उद्देश्य मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोकना है। इसके जरिए शहर की ऊंची इमारतों की छतों, खाली प्लॉटों और अन्य ऐसी जगहों पर जहां बारिश का पानी जमा रहता है, उनकी मॉनिटरिंग की जाएगी। विभाग का मानना है कि इसकी मदद से उन जगहों पर भी मच्छरों की ब्रीडिंग रोकी जा सकेगी, जहां कर्मचारी नहीं पहुंच पाते। वहीं, जिस भवन की छत पर लार्वा मिलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यदि, यह प्रोजेकट सफल रहा तो इसके आखिरी चरण में साथ-साथ ड्रोन से ही दवा का छिड़काव भी किया जाएगा।

# मावि नवलपुरा एवं बसंतपुरा में विद्यालय तक पहुंच मार्गों की समस्या का किया समाधान

## एसडीएम लहार ने रौन क्षेत्र में स्कूल एवं आयुष केन्द्रों का किया निरीक्षण

नगर संवाददाता



भिण्ड। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार विजय सिंह यादव ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रौन अरुण कुमार मिश्रा के साथ गत दिवस शासकीय माध्यमिक विद्यालय नौधा, प्राथमिक विद्यालय नवलपुरा, माध्यमिक विद्यालय बसंतपुरा एवं आरोग्यम केन्द्र बसंतपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तीनों विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा अभी तक नवीन प्रवेशी बच्चों के सर्वे के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को निःशुल्क वितरण की जाने वाली किताबों की भी जानकारी ली। शिक्षकों ने बताया कि जो पुस्तके छात्रों को वितरण हेतु प्राप्त हुई थीं उन्हें वितरित किया जा चुका है एवं रिकार्ड संधारित है। बसंतपुरा स्कूल निरीक्षण के दौरान ग्राम सरपंच ने एसडीएम लहार को अवगत कराया कि स्कूल के पहुंच मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या है। एसडीएम यादव ने मौके से ही तहसीलदार रौन श्रीनिवास शर्मा को फोन लगाकर 3 दिन में पहुंचमार्ग का सीमांकन कर उसे नियमानुसार बहाल करने के निर्देश दिए। वहीं नवलपुरा में स्कूल मार्ग के दोनों ओर मोरम डलवाकर स्कूल रास्ते को बेहतर कराने के निर्देश सरपंच को दिए। एसडीएम विजय सिंह यादव ने आयुष केन्द्र बसंतपुर का निरीक्षण किया। उक्त केन्द्र पर एएनएम की व्यवस्था न होने से टीकाकरण की गति धीमी थी, जिसको लेकर एसडीएम ने मौके पर से ही बीएमओ रौन अनिल शर्मा को निर्देश दिए की नजदीकी एएनएम को आयुष्मान केन्द्र पर तत्काल नियुक्त करें, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्दी लिवर कैंपेन चलाया जा रहा है, एसडीएम ने स्वयं का भी बीएमआई कराया एवं जानकारी ली, डॉ. गुप्ता ने बताया कि लोगों को बेहतर लिवर केयर हेतु उनकी स्कैनिंग की जा रही है एवं आवश्यक सुझाव एवं दवाएं दी जा रही हैं, इसके अलावा एसडीएम ने वैक्सीनेशन की जानकारी ली, साथ ही सीजनल बीमारियों से संबंधित विभिन्न दवाइयां जैसे कैल्शियम, आयरन, छोटे बच्चों के लिए आयरन सिरप, जिंक टेबलेट, ओआरएस इत्यादि दवाओं की स्थिति बेहतर पाई गई।

## अपर कलेक्टर ने लोकसेवा केन्द्र गोरमी के संचालक को दिया नोटिस


नगर संवाददाता

भिण्ड। अपर कलेक्टर भिण्ड ने जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी से अनुबंधित आरएफपी की शर्तों का उल्लंघन एवं जारी आदेश की अव्हेलना करने पर अनुबंधित ऑपरेटर एवं संचालक लोकसेवा केन्द्र गोरमी शिव कंप्यूटर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय ने नोटिस जारी कर कहा है कि गत 9 जून को जिला प्रबंधक लोकसेवा द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में तथ्य/ कमियां परिलक्षित हुई हैं, जिसमें अ श्रेणी के लोकसेवा केन्द्र में सिर्फ 2 लोगों का स्टाफ उपस्थित था। नियम अनुसार 5 कर्मचारियों का स्टाफ होना चाहिए। अनुबंध की शर्तों अनुसार आपको कम से कम 2 महिला स्टाफ रखना अनिवार्य है, किन्तु निरीक्षण के दौरान कोई भी महिला कर्मचारी उपस्थित नहीं पाई गई। अनुबंध की शर्तों के अनुसार आपको कम से कम 3 काउंटर प्रत्येक समय चालू रखने होते हैं, निरिक्षण के दौरान सिर्फ 2 काउंटर चालू पाए गए।अपर कलेक्टर भिण्ड द्वारा जारी निर्देशों का पालन ना करते हुए पीआरओ डेस्क संचालित नहीं पाई गई। लोक सेवा केन्द्र में स्टाफ की अनुपस्थिति पर जब आपसे स्टाफ की बायोमेट्रिक अटेंडेंस के रिकार्ड प्रस्तुत करने हेतु कहा गया तो कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं करवाया गया, आरएफपी अनुबंध की शर्तों के विरुद्ध लोकसेवा केन्द्र परिसर में सीसीटीवी कैमरा नहीं पाए गए। समाधान एक दिवस हेतु जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करवाया गया लैपटॉप लोकसेवा केन्द्र पर उपलब्ध नहीं था, जो कि सिर्फ प्राधिकृत अधिकारी को एक दिवस के आवेदन के निराकरण हेतु उपलब्ध करवाया गया था। जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा प्रदान एलईडी टीवी जो शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु उपलब्ध करवाई गई थी, बंद पाई गई। जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा प्रदान उपकरणों का कोई भी रिकार्ड संधारित होना नहीं पाया गया। उपरोक्त कृत्य आपके द्वारा जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी से अनुबंधित आरएफपी की शर्तों का उल्लंघन एवं जारी आदेश की अव्हेलना है, क्यों न आपके विरुद्ध शर्तों के उल्लंघन हेतु नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जाए, आप अपना जवाब नियत समय में प्रस्तुत करें अथवा आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# जिले में गर्म हवाएं चलने से बाजार की सड़कें रहीं सूनी

## 47 डिग्री पहुंचा पारा, लू के थपेड़ों से लोग घरों में रहे कैद

नगर संवाददाता



भिण्ड। जिले में सूरज ने तीखी तपिश बरसानी शुरू कर दी है। लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे, सड़कें सूनी दिखाई दे रही हैं। मंगलवार को इस सीजन का सबसे अधिक तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। शहर वासियों को लू के थपेड़ों और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। मंगलवार की सुबह 8 बजे से ही गर्म हवाओं ने असर दिखाना शुरू कर दिया था। दोपहर 12 बजे तक तापमान 45 डिग्री पर पहुंच गया, जबकि दोपहर 2 से 3 बजे के बीच जिले का अधिकतम तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। शहर में लू की रफ्तार 10 से 11 किमी प्रति घण्टा रही। गर्म हवाओं के चलते सड़कें दोपहर 12 बजे से लगभग सुनसान नजर आने लगीं। लोगों ने बाहर निकलने से परहेज किया और घरों में कूलर, पंखा, एसी का सहारा लिया। बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। केवल बेहद जरूरी काम के लिए ही लोग घर से बाहर निकले। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिन जिले में तेज गर्मी और हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं चिकित्सकों ने भीषण गर्मी से बचाव के लिए कहा कि गर्मी से बचाव के लिए पानी अधिक पिएं, ढीले और हल्के कपड़े पहनें व धूप में निकलने से बचें।

## न्यायालय से फरार तीन आरोपी लहार पुलिस की गिरफ्त में

नगर संवाददाता




लहार। विभिन्न मामलों में न्यायालय से फरार चल रहे तीन आरोपियों को थाना लहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक राकेश परिहार, रामशिया परिहार, बबलू उर्फ रामकुमार परिहार सभी निवासी चिरौली विभिन्न मामलों में न्यायालय से फरार रहे थे। न्यायालय लहार द्वारा तीनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। लहार पुलिस थाने में पदस्थ एएसआई रमेशचंद्र जोनवार, आरक्षक अक्षय दीक्षित, धर्मेन्द्र तोमर, धर्मेन्द्र शर्मा की टीम ने उक्त आरोपियों को ग्राम चिरौली से गिरफ्तार किया है।

# नशामुक्ति जनजागरुकता कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर हुई बैठक

नगर संवाददाता



भिण्ड। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर मद्यपान, मादक पदार्थ एवं उनके द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवा, छात्र-छात्राओं, आमजन को अवगत कराकर उनमें जागरुकता लाने हेतु राज्यों, जिलों और शैक्षणिक संस्थानों में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर एक से 26 जून तक मद्यपान, मादक पदार्थ एवं उनके द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवा, छात्र-छात्राओं, आमजन को अवगत कराकर उनमें जागरूकता लाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान गतिविधि कैलेण्डर एवं सुझावात्मक गतिविधि की जाएगी।अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला भिण्ड में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के संबंध में जिला स्तरीय नशा मुक्ति निवारण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष भिण्ड में आयोजित की गई। जिसमें नशा मुक्ति कार्यक्रम के आयोजन हेतु 26 जून तक के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई, जिसके अनुसार विभिन्न विभागों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए तथा निर्देशित किया गया। कैलेंडर अनुसार विभागों द्वारा नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विकास कैमोर, जिला आबकारी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## वैध रेत परिवहन कर रहे दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त

नगर संवाददाता

भिण्ड। अवैध रेत उत्खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के के तहत थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक शिव प्रताप सिंह राजावत व उनकी टीम द्वारा रेत से भरे दो ट्रेक्टर, ट्रालियों को जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात्रि करीब 10.45 बजे इलाका भ्रमण के दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दो ट्रेक्टर मय रेत से भरी ट्राली के लहार रोड तरफ से भिण्ड तरफ को आ रहे है उक्त सूचना से कनावर तिराहा पर चैकिंग पोइंट लगाया गया। दौराने चैकिंग लहार रोड तरफ से दो ट्रेक्टर मय ट्राली के जिनमें से एक ट्रेक्टर आयशर, दूसरा ट्रेक्टर महिन्द्रा आते दिखे, जिनकी ट्रालियों में रेत भरा था। जिन्हे रोकने का प्रयास किया गया चालकों ने मय ट्रेक्टरों के कनावर रोड पर भगाने का प्रयास किया। जिन्हें घेराबंदी कर रोका गया। उक्त ट्रेक्टरों के चालकों से नाम पता पूछा गया एवं रेत के संबंध में पूछताछ की गई जिन्होने उक्त रेत ककहारा के पास सिंध नदी से चोरी करके ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर विक्रय करने ले जाना बताया। उक्त रेत के संबंध में वैध रॉयल्टी चाही गई जो अपने पास न होना बताया। उक्त ट्रेक्टर चालकों का यह कृतक्य धारा 303(2), 317 (5) बीएनएस के तहत दण्डनीय होने से उक्त ट्रेक्टर ट्रालियों को जप्त कर आरोपीगणों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# संयुक्त कलेक्टर ने की जनसुनवाई, आवेदनों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

नगर संवाददाता



भिण्ड। कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 91 से अधिक आवेदन आए जिन्हें संबंधितों को भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर विकास कैमोर, विभिन्न विभाग अधिकारी सहित शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान संयुक्त कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# दंदरौआ धाम में सामूहिक विवाह सम्मेलन 4 जुलाई को

नगर संवाददाता




भिण्ड। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में 4 जुलाई को भढ़ैया नवमी के पावन पर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। धाम में सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को महंत महामंडलेश्वर रामदास महाराज के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सम्मेलन संचालक प्रदीप राणा ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सिर्फ विवाह का आयोजन भर नहीं है अपितु इसके प्रभाव और समाज हित में लाभ बड़े दूरगामी हैं। किसी कमजोर, जरूरतमंद या असहाय परिवार की कन्या का विवाह कराने से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह का बढ़ता प्रचलन समाज के भले के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इससे समय की बर्बादी, दान-दहेज और फिजूल खर्ची जैसी कुरीतियों से भी समाज को मुक्ति मिल सकती है। समिति द्वारा वर एवं वधु पक्ष की पंजीयन प्रक्रिया चालू है। इस मौके पर डॉ. ओम पचौरी, धाम के प्रवक्ता जलज त्रिपाठी, संदीप राणा, छक्की सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 35 हजार रुपए कीमती 7 पेटी देशी शराब सहित एक लोडिंग वाहन जप्त

नगर संवाददाता



भिण्ड। पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. असित यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भिण्ड दीपक तोमर के मार्ग दर्शन में अवैध शराब विक्रय व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व उनकी टीम द्वारा 35 हजार रुपये कीमत की 7 पेटी देशी शराब व एक लोडिंग वाहन जप्त किया। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात्रि 8.30 बजे थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक शिव प्रताप सिंह राजावत को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की लोडिंग वाहन क्रमांक एचआर 38 एजी 9593 में अवैध शराब भरकर किशोर सिंह का पुरा से बिलाव होता हुआ भिण्ड तरफ विक्रय करने जा रहा है। मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने से तत्काल मय फोर्स के किशोर सिंह का पुरा से बिलाव तरफ रवाना हुआ जहां थोड़े आगे कच्चे रास्ते पर मुखबिर द्वारा बताये अनुसार एक सफेद रंग का लोडिंग वाहन क्रमांक एचआर 38 एजी 9593 बिलाव की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस वाहन का साइरन बजाकर व डिफर देकर रोकने की कोशिश की तो वाहन चालक पुलिस वाहन को देखकर लोडिंग खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में भाग गया, जिसे काफी तलाश किया जो नहीं मिला। बाद समक्ष पंचान उक्त लोडिंग वाहन की तलाशी ली गई जिसमें 7 पेटी देशी मदिरा प्लेन कीमती 35 हजार रुपए रखी हुई मिली। लोडिंग वाहन में शराब परिवहन संबंधी दस्तावेज चैक किये कोई दस्तावेज नहीं मिला। लोडिंग वाहन के अज्ञात आरोपी चालक का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उक्त लोडिंग वाहन व 7 पेटी देशी शराब को मौके पर जप्त कर जप्ती पंचनामा तैयार किया गया। थाना वापसी पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी की पतारसी की जा रही है।

# साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

नगर संवाददाता



भिण्ड। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण डाइट भिंड में जिला परियोजना समन्वयक भिण्ड व्योमेश शर्मा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी भिंड संजीव दूरबार, डाइट प्राचार्य भिण्ड आनंद शर्मा, जिला सांख्यिकी अधिकारी भिण्ड शैलेश त्रिपाठी, राज्य प्रशिक्षक संदीप सिंह कुशवाह और जिला सह समन्वयक विवेक शर्मा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें भिंड जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी और खंड स्रोत समन्वयक, ब्लॉक सह समन्वयक व ब्लॉक अकादमिक समन्वयक (बीएसी) उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिला परियोजना समन्वयक व्योमेश शर्मा द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन शिक्षा सत्र 2025- 26 में साक्षर व्यक्तियों के सर्वेक्षण एवं साक्षर सम्बंधी अन्य गतिविधियों के सफल संचालन के निर्देश उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को दिए। प्रशिक्षण में जिला सह समन्वयक विवेक शर्मा द्वारा भिण्ड जिले के सभी साक्षरता से सम्बंधित आंकड़े पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किये और राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप पीपीटी को प्रोजेक्टर की मदद से सभी प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया। प्रत्येक विकासखंड में अक्षर साथियों और शिक्षकों की मदद से ग्राम /वार्ड के प्रत्येक घर के असाक्षर व्यक्तियों का ऑनलाइन या ऑफलाइन शत प्रतिशत सर्वे कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। सर्वे कार्य 16 जून तक पूर्ण कर एप पर असाक्षरों की एंट्री शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लहार अरुण कुमार मिश्रा, बीईओ गोहद श्याम किशोर भारद्वाज, बीईओ मेहगांव राजीव शर्मा, खंड श्रोत समन्वयक लहार अजय कुमार झा, पीएस तोमर रौन, विजय शर्मा गोहद, अनिल दिवाकर मेहगांव, रंधोर सिंह यादव भिण्ड, देवेंद्र गुर्जर अटेर और ब्लॉक सह समन्वयक लहार जानकी नंदन समाधिया, प्रभात वर्मा मेहगांव, अशोक तिवारी अटेर, अशोक पबैया भिण्ड, राधेश्याम गोहद सहित ब्लॉक अकादमिक समन्वयक उपस्थित रहे।

# 29 साल के निकोलस पूरन ने चौंकाया, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**त्रिनिदाद एजेंसी।** पूरन ने वेस्टइंडीज के लिए 61 वनडे और 106 टी20 मैच खेले। वनडे में उनके नाम 39.66 की औसत से 1983 रन और टी20 में 26.15 की औसत और 136.40 के स्ट्राइक रेट से 2275 रन हैं। वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर निकोलस पूरन ने 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये इसकी घोषणा की। पूरन वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा टी20 खेलने वाले खिलाड़ी हैं। साथ ही इस प्रारूप में उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन भी बनाए हैं। पूरन ने एक लंबा नोट लिखकर संन्यास की घोषणा की।

पूरन ने लिखा- यह काफी मुश्किल था, लेकिन मैंने इस पर काफी सोच विचार किया और इसके बारे में काफी गहनता से सोचा। आप सभी को मेरा प्यार। पूरन ने अपने नोट में लिखा, %क्रिकेट की जनता के लिए- बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह खेल जिसे हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत खुशी दी है और आगे भी उद्देश्य, अविस्मरणीय यादें और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का मौका देता रहेगा। महरून जर्सी पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना, उन पलों को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह बताना मुश्किल है कि मेरे लिए इसका क्या मतलब है। कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक विशेषाधिकार है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। पूरन ने लिखा, प्रशंसकों को आपके अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल समय में मेरा साथ दिया और अच्छे पलों में गजब के जुनून के साथ जश्न मनाया। मेरे परिवार, दोस्तों और टीम के साथियों को मेरे साथ इस सफर पर चलने के लिए धन्यवाद। आपके आशीर्वाद और समर्थन ने मुझे इस सफर में आगे बढ़ाया। हालांकि मेरे करियर का यह अंतरराष्ट्रीय अध्याय बंद हो गया है, लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम और क्षेत्र को आगे की राह के लिए सफलता और शक्ति के अलावा कुछ नहीं चाहता।पूरन ने वेस्टइंडीज के लिए 61 वनडे और 106 टी20 मैच खेले। वनडे में उनके नाम 39.66 की औसत से 1983 रन और टी20 में 26.15 की औसत और 136.40 के स्ट्राइक रेट से 2275 रन हैं। वनडे में पूरन ने तीन शतक और 11 अर्धशतक लगाए। वहीं, टी20 में उन्होंने 13 अर्धशतक लगाए। पूरन ने वेस्टइंडीज के लिए कभी टेस्ट मैच नहीं खेला। वनडे में पूरन ने छह विकेट भी लिए हैं। हालांकि, वह एक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। पूरन सबसे छोटे फॉर्मेट में वेस्टइंडीज के कप्तान भी रह चुके हैं, लेकिन बतौर कप्तान उनके खराब रिकॉर्ड के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट ने उन्हें कप्तानी से हटा दिया था। पूरन ने अपने नोट में कोई वजह का खुलासा तो नहीं किया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने दुनियाभर की टी20 लीग खेलने के लिए यह फैसला लिया है। वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों का इतिहास ऐसा ही रहा है। ड्वेन ब्रावो, क्रिस गेल, आंद्रे रसेल और सुनील नरेन जैसे पूर्व क्रिकेटर्स भी इस तरह के फैसले ले चुके हैं। वह दुनियाभर की लीग तो खेलते रहे, लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट से दूरी बनाई। उनके साथ सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का भी पंगा रहा। हालांकि, पूरन का फैसला टी20 लीग को लेकर ही माना जा रहा है। वह मौजूदा समय में टी20 के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हैं और कोई भी फ्रेंचाइजी उन्हें अपनी टीम में शामिल करने के लिए बेताब रहती है। ऐसे में वह साल भर लीग खेलकर अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। पूरन पहले भी यह फैसला कर चुके हैं, जब उन्होंने किसी लीग के लिए अंतरराष्ट्रीय मैच छोड़ा हो।

# आईएसएसएफ विश्व कप में तीन भारतीयों का डेब्यू, अनुभवी इलावेनिल से पदक की उम्मीदें



**म्यूनिख एजेंसी।** महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालिफिकेशन शुरू होंगे। दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होगी क्योंकि उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालिफिकेशन शुरू होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पर्धाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे। भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरुआती साल में है। वह हालांकि शानदार फॉर्म में है। उसने ब्यूनस आयर्स और लीमा में वर्ष के पहले दो विश्व कप चरणों में क्रमशः एक व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई तथा दो मिश्रित टीम रजत पदक जीते। इससे दो बार की ओलंपियन और दो बार की व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल और एशियाई चैंपियनशिप विजेता और चार बार के विश्व कप पदक विजेता वरुण तोमर को दोनों स्पर्धाओं में सीनियर की जिम्मेदारी संभालनी होगी।भारतीय राइफल कोच दीपाली देशपांडे ने सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा, म्यूनिख निशानेबाजी परिसर से हमारे निशानेबाज अच्छी तरह परिचित है।

# उनके हाथ जेबकतरे से भी तेज हैं, धोनी की प्रशंसा करते हुए रवि शास्त्री ने दिया अजीबो-गरीब बयान



**नई दिल्ली एजेंसी।** कैप्टन कूल के नाम से प्रसिद्ध रहे धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान में से एक हैं। रांची से आने वाले धोनी ने भारत को अपनी कप्तानी में 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाया था। धोनी भारत के एकमात्र कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में टीम ने तीन आईसीसी खिताब जीते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का विकेटकीपिंग में कोई सानी नहीं है। पलक झपकते ही वह विकेट के पीछे गेंद लपक लेते हैं और बल्लेबाज को रवाना कर देते हैं। यही वजह है कि उन्हें विकेट के पीछे का जादूगर भी कहा जाता है। क्रिकेट जगत के तमाम दिग्गज उनकी इस कला की तारीफ भी करते हैं। ऐसा ही कुछ भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी किया। उनका मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी के हाथ जेबकतरे से भी तेज चलते हैं। वह पलक झपकते ही विकेट के पीछे से मैच का रुख पलट देते हैं। आईसीसी के एक कार्यक्रम में रवि शास्त्री ने कहा- उसके हाथ जेबकतरे से भी तेज हैं। अगर आप कभी भारत में हों, कोई बड़ा मैच देखने जा रहे हों, खास तौर पर अहमदाबाद में तो आप नहीं चाहेंगे कि एमएस आपके पीछे हो; उस पीठ पर नजर रखें। बटुआ गायब हो जाएगा। पूर्व क्रिकेटर का यह बयान अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। शास्त्री ने भले ही धोनी की तारीफ करते हुए जेबकतरे से तुलना की है, लेकिन उन्होंने यह मजाकिया अंदाज में किया है। इस दौरान रवि शास्त्री ने पूर्व भारतीय कप्तान के प्रति लोगों की दीवानगी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा- वह शून्य पर आउट हो जाता है, वह विश्व कप जीतता है, वह शतक भी बनाता है और दो सौ भी बनाता है। आप जानते हैं, इसमें कोई अंतर नहीं है।धोनी को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। धोनी भारत के 11वें खिलाड़ी हैं जिन्हें इस सूची में शामिल किया गया है। आईसीसी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। धोनी के अलावा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ, न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर डेनियल विटोरी, पाकिस्तान महिला टीम की खिलाड़ी सना मीर और इंग्लैंड महिला टीम की खिलाड़ी सारा टेलर को भी इस सूची में शामिल किया गया है। धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए हुए करीब पांच साल हो गए हैं। धोनी ने भारत के लिए आखिरी मैच 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में खेला था। भारत वो मुकाबला हार गया था और टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। इसके बाद धोनी ने भारत के लिए कोई मुकाबला नहीं खेला और फिर 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया। कैप्टन कूल के नाम से प्रसिद्ध रहे धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान में से एक हैं। रांची से आने वाले धोनी ने भारत को अपनी कप्तानी में 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाया था।


# भारत के सुमित नागल का खराब प्रदर्शन जारी, एटीपी चैलेंजर सर्किट के पहले ही दौर में हारे



**नई दिल्ली एजेंसी।** यह 2025 सत्र में चैलेंजर सर्किट पर नागल की छठी बार पहले दौर में हार थी। उन्होंने सत्र की शुरुआत शीर्ष 100 में की थी लेकिन अब उनकी रैंकिंग गिरकर 170 पर आ गई है। भारत के स्टार एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल का खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें एटीपी चैलेंजर सर्किट टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है। छठी वरीयता प्राप्त नागल को इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में फ्रांस के गैरवरीय खिलाड़ी ज्योफ्रे ब्लैंकेनॉक्स के खिलाफ 4-6, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। नागल पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ रहे थे जब उन्होंने आठवें गेम में विरोधी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर स्कोर बराबर किया और मुकाबले को निर्णायक सेट में खींचने की उम्मीद जगाई। ब्लैंकेनॉक्स और नागल को अपनी सर्विस बचाने में संघर्ष करना पड़ा और दूसरे सेट का फैसला टाईब्रेकर के जरिए हुआ जिसमें स्थानीय खिलाड़ी ने बाजी मारी। यह 2025 सत्र में चैलेंजर सर्किट पर नागल की छठी बार पहले दौर में हार थी। उन्होंने सत्र की शुरुआत शीर्ष 100 में की थी लेकिन अब उनकी रैंकिंग गिरकर 170 पर आ गई है।

### ड्रॉ हुआ फाइनल तो कौन होगा विजेता?

# ऑस्ट्रेलिया-द. अफ्रीका फाइनल में किस गेंद का होगा इस्तेमाल




**लंदन एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई टीम की नजरें लगातार दूसरा फाइनल जीतकर इतिहास रचने पर होंगे, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछली सभी यादों को भुलाकर टेस्ट चैंपियन बनकर एक नया मिसाल कायम करना चाहेगी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल खेला जाएगा। दोनों टीमें लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में आमने-सामने होंगी। यह मैच 11 जून से खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार दूसरी बार फाइनल मैच में खेलेगी। पिछली बार कंगारू टीम भारत को फाइनल में हराकर चैंपियन बनी थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम की नजरें लगातार दूसरा फाइनल जीतकर इतिहास रचने पर होंगे, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछली सभी यादों को भुलाकर टेस्ट चैंपियन बनकर एक नया मिसाल कायम करना चाहेगी। यह टेस्ट का विश्व कप फाइनल है। 2002 से आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली टीम को सालाना एक ट्रॉफी दी है, लेकिन 2019 के बाद से उसने फॉर्मेट में बदलाव किया। आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में नौ टीमों की एक लीग शुरू की। इसका एक संस्करण दो साल का होता है। नौ में से अंक तालिका में शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल खेला जाता है। अंक प्रतिशत के आधार पर शीर्ष की दो टीमें तय होती हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का पहला चक्र 2019 से 2021 तक था। पहले चक्र के फाइनल में न्यूजीलैंड और भारत की टीमें आमने-सामने हुई थीं। तब न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की थी। इसके बाद दूसरा चक्र 2021-23 तक चला। 2023 में ओवल में हुए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर खिताब जीता। यह तीसरे चक्र का फाइनल होगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने छह में से चार सीरीज जीतीं और फाइनल में जगह बनाई। 2023 में एशेज में कंगारुओं ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया। साथ ही वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023-24 में सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। दक्षिण अफ्रीका ने इस चक्र में डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने 12 टेस्ट में आठ मैच जीते। उनका पॉइंट पर्सेंटेज 69.44 रहा।

# मुल्लांपुर स्टेडियम में फिर होगी चौके-छक्कों की बरसात दो वनडे और एक टी-20 मैच, जानिए कब होंगे मुकाबले



**चंडीगढ़ एजेंसी।** हाल ही में संपन्न हुए आईपीएल के एलिमिनेटर मुकाबले पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के न्यू चंडीगढ़ स्थित मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए थे। वहीं अब फिर से मुल्लांपुर स्टेडियम में चौकों-छक्कों की बारिश होगी। ट्राईसिटी (चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली) के क्रिकेट फैंस के लिए अच्छी खबर है। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के न्यू चंडीगढ़ स्थित मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में फिर से चौके-छक्कों की बारिश होगी। आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के बाद पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के मुल्लांपुर स्टेडियम को पहली बार बीसीसीआई की तरफ से दो वनडे और एक टी-20 मैच की मेजबानी मिली है। ऑस्ट्रेलिया और भारतीय महिला टीम के बीच पहला वनडे मुकाबला 14 सितंबर को दोपहर 1.30 बजे खेला जाएगा। वहीं, दूसरा वनडे मुकाबला 17 सितंबर को दोपहर 1.30 बजे होगा। इसके अलावा साउथ अफ्रीका के साथ भारतीय पुरुष सीनियर टीम का टी-20 सीरीज का मुकाबला 11 दिसंबर को शाम 7 बजे से खेला जाएगा। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आउट फील्ड और पिचों के नवीनीकरण के कारण टीम इंडिया (सीनियर महिला) और ऑस्ट्रेलिया महिला के बीच आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वनडे सीरीज को चेन्नई से स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके पहले दो वनडे न्यू चंडीगढ़ के नए पीसीए मुल्लांपुर स्टेडियम में होंगे जबकि तीसरा और अंतिम वनडे नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। भारतीय पुरुष टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट मैच, वनडे और टी-20 मुकाबले की सीरीज खेलेगी। टी-20 का एक मुकाबला मुल्लांपुर स्टेडियम में खेला जाएगा।

# इंग्लैंड में किस तरह अच्छा प्रदर्शन कर सकता है भारत? इन 4 दिग्गज क्रिकेटरों ने दी सलाह



**नई दिल्लीएजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इरफान पठान ने इंग्लैंड दौरे को कठिन चुनौती बताया। वहीं, वॉन ने कहा कि इससे भारतीय क्रिकेट के लिए कुछ बड़ा होने की शुरुआत हो सकती है। भारत और इंग्लैंड के चार पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह सीरीज भारत के लिए कुछ खास की शुरूआत हो सकती है। टीम इंडिया इस दौरे पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास) के बिना होगी, क्योंकि इन तीनों ने ही सबसे लंबे प्रारूप को छोड़ दिया है। इस वक्त भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है । तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं। भारत के दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा, भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा। उन्होंने कहा, हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा। मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिए यह बड़ा मौका होगा।

पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा, इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा, भारत की नई टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है, लेकिन एक हरफनमौला होने के नाते मैं कह सकता हूं कि हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। गिल की कप्तानी, पंत की ऊर्जा और भारत के युवा खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने कहा कि 25 वर्ष के गिल को टेस्ट कप्तान बनाना साहसिक फैसला है और यह निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, शुभमन गिल भारतीय टेस्ट क्रिकेट का नया चेहरा है। इंग्लैंड सीरीज के लिए उन्हें कप्तान बनाने का फैसला साहसिक है। उन्हें बहुत कुछ साबित करना होगा, लेकिन उसने दिखा दिया है कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है। ऋषभ पंत उपकप्तान हैं और यह टीम खुद को साबित करने के लिए बेताब हैं।

**टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम :-**

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मो. सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम- बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दोहराई गलती, पेनल्टी कॉर्नर बना कमजोरी

***नई दिल्ली एजेंसी।*** *भारत को पूरे मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से सिर्फ एक पर जुगराज सिंह ने 54वें मिनट में गोल किया। भारत के लिए पहला गोल अभिषेक ने 20वें मिनट में किया था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के मुकाबले में नीदरलैंड से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले शनिवार को भी भारतीय टीम को नीदरलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम के लिए पेनल्टी कॉर्नर एक बार फिर कमजोरी बना। भारतीय टीम इस मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर में से महज एक गोल में बदल सकी। सात जून को पहले मैच में बढत बनाने के बावजूद 1-2 से हारी भारतीय टीम दूसरे मैच में भी उन्हीं गलतियों को दोहराती दिखी। भारत को पूरे मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से सिर्फ एक पर जुगराज सिंह ने 54वें मिनट में गोल किया। भारत के लिए पहला गोल अभिषेक ने 20वें मिनट में किया था। नीदरलैंड के लिए थीज वैन डैम ने 24वें मिनट में, टी होडेमेकर्स ने 33वें और यिप यानसेन ने 57वें मिनट में गोल दागे। एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में आठ मैचों में 15 अंक लेकर भारत तीसरे स्थान पर है। उसे अगले साल विश्व कप के लिए प्रो लीग के जरिये क्वालिफाई करने के लिए यूरोप चरण से अधिकतम अंक बनाने होंगे लेकिन शुरुआती दोनों मैच हारने से राह कठिन हो गई है।*

## घोषित व अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल

# कांग्रेस के धरने में हजारों महिला-पुरूषों का उमड़ा जनसैलाब

**ग्वालियर।नगर संवाददाता**

ग्वालियर। शहर में हो रही घोषित व अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने अब चौतरफा विरोध करना शुरु कर दिया है। बिजली समस्याओं के विरोध में कांग्रेस विधायक ने अपने समर्थकों के साथ रोशनीघर स्थित बिजली कंपनी के मुख्यालय का घेराव किया और मांग की कि बिजली कटौती की मार से जनता को राहत दी जाए। कड़ी धूप और गर्म के तीखे तेवरों के बीच विधायक व उनके समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। अधिकारियों ने धरना दे रहे कांग्रेसियों को बताया कि लोड बढने् से ट्रांसफार्मर फुंक जाते हैं इससे थोड़ी परेशानी आती है और इस समस्या के समाधान के



लिए काम कर रहे हैं, आगे ऐसी समस्याएं नहीं आएं, इस पर विद्युत विभाग काम कर रहा है। कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार मंगलवार को अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ रोशनीघर स्थित बिजली कंपनी के मुख्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।

### ये हुए शामिल

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में म.प्र. चेंबर कॉमर्स उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, बृजेश शुक्ला, पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, पार्षद सुरेंद्र साहू, पार्षद अंकित कठठ्ल, पार्षद प्रमोद खरे, सुधीर मंडेलिया, आई.टी. सेल अध्यक्ष आदित्य सेंगर, प्रमोद जैन, राहुल गुर्जर, कल्लू तोमर, राजा भदौरिया, सागर नाती, महेश कुशवाह, जीतू कुशवाह, सत्येंद्र नागर, हिमांशु कीकन, लालू जैन, श्रीमती रेनू चौहान, श्रीमती सीमा समाधिया, श्रीमती सरोज साहू, श्रीमती हेमलता प्रजापति, श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती प्रवेश परिहार, छोटू मंडेलिया, धर्मवीर जाटव, डिंपल भदोरिया, राकेश श्रीवास, मनोज पाल, समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बिजली सर प्लस में तो फिर कटौती क्यों: सुनील शर्मा

### बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

ग्वालियर। ग्वालियर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच आए दिनघंटे की हो रही बिजली कटौती के विरोध में पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व में सैंकड़ों कांग्रेसियों मोतीझील पर एकत्रित होकर जुलूस के रूप में मुख्य अभियंता कार्यालय मोतीझील पहुंचे और मुख्य अभियंता को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर शीघ्र बिजली कटौती पर रोक



लगाने की मांग की है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि जब बिजली विभाग के अधिकारी और सरकार बता रहे हैं कि मध्य प्रदेश में बिजली सर प्लस है तो फिर कटौती क्यों की जा रही है। घोषित कटौती अलग हो रही है, अघोषित कटौती अलग हो रही है। क्या इस तरह की कटौती कर आमजन को क्यों परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनी हर बार घाटा दिखा कर टेरीफ बढ़ा लेती है और इस बर्ष भी लगभग 3.30 परसेंट टेरीफ बढ़ाया गया है। जिसका भार जनता की जेब पर पड़ता है और बिजली के बिल अत्याधिक हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि अघोषित कटौती पर अगर जल्दी रोक नहीं लगाई गई तो कांग्रेस पार्टी ऊर्जा मंत्री के बंगले पर धरना देगी।

## खास खबर

### शहर में संचालित शासकीय एवं अशासकीय स्विमिंग पूलों को कराना होगा निगम के खेल विभाग में पंजीयन

ग्वालियर निरीक्षण में पंजीयन न मिलने पर दिया नोटिस नगर निगम सीमान्तर्गत आने वाले समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्थलों जैसे स्कूलों, होटलों, क्लबों, सस्थाओं, एजेंसियों, मैरिज गार्डनों आदि पर संचालित तरण तालों को निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति कराये जाने हेतु निगम के जांच दल द्वारा निरीक्षण कर नोटिस जारी किये गए। निरीक्षण के दौरान समिति सचिव डॉ. वैभव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जांच समिति के सदस्य एवं सहायक खेल अधिकारी श्री अयोध्या शरण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में शासकीय एवं अशासकीय स्थलों पर संचालित तरण तालों के निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति हेतु निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत समिति के सदस्यों द्वारा खुरैरी में बंशी वाटर पार्क, भारत वाटर पार्क, ठाकुर बाबा रिसोर्ट, इम्पीरियल रिसोर्ट डबरा रोड, विलायती रेस्टोरेंट, हवेली रेस्टोरेंट, कोकीना रेस्टोरेंट, जीवाजी क्लब, जीवायएमसी क्लब आदि का निरीक्षण कर तरण ताल के लिए दी जानी वाली एनओसी एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखा। समिति द्वारा संबंधित तरण तालों को नोटिस जारी कर सात दिवस में निगम के खेल विभाग से एनओसी लेने के लिए नोटिस जारी किया गया। इस अवसर पर श्री आनंद नामदेव सहित जांच समिति के सदस्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चेतकपुरी पेट्रोल पंप से मांडरे की माता चौराहे से होते हुए हजार बिस्तर हॉस्पिटल तक चलाया स्वच्छता अभियान

ग्वालियर - नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत चेतकपुरी पेट्रोल पंप से मांडरे की माता चौराहे से होते हुए हजार बिस्तर हॉस्पिटल तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर की वायु सुधार हेतु अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत आज नगर पालिक निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज फाउंडेशन एवं संस्था डिवाईन द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत चेतकपुरी पेट्रोल पंप से मांडरे की माता चौराहे से होते हुए हजार बिस्तर हॉस्पिटल तक का कार्य किया गया एवं दुकानों पर जागरूकता के लिए पम्पलेट्स भी लगाए गए और समझाइश दी गई। इसमें डिवाइडर और फुटपाथ के आस पास की मिट्टी और कचरा साफ करवाया गया, रोड पर सभी आमजनों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा न जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया गया, कचरा डस्टबिन में ही डालने हेतु जुर्माना सम्बन्धी बोर्ड और स्टीकर लगाए गए। अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में कार्य करते जलीय संरचनाओं के आस पास साफ सफाई का अभियान चलाया गया। जिसमे टीम के द्वारा जलीय संरचनाओं के आस पास एवं किनारों पर साफ सफाई एवं जल में तैरते अपशिष्ट को निकाला गया एवं सौंदर्यकरण करवाया गया। टीम द्वारा जनसाधारण को भी जल प्रदूषण के रोकथाम के लिए उपाय बताते हुए स्वच्छता का संकल्प दिलवाया गया।

## जिले में विश्व योग दिवस की तैयारियां जोर-शोर से जारी

# आईआईटीएम में दिया जा रहा है योग कराने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण

### मंगलवार को योग शिक्षक सह पदेन सचिव ग्राम योग समितियों को किया गया प्रशिक्षित

**ग्वालियर।नगर संवाददाता**

ग्वालियर जिले में विश्व योग दिवस 21 जून को होने वाले सामूहिक योगाभ्यास की तैयारियाँ जोर-शोर से जारी हैं। तैयारियों के सिलसिले में मंगलवार को भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) योग शिक्षकों सह ग्राम योग समितियों के पदेन सचिवों को कॉमन योगा प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया। इससे पहले योगाभ्यास कराने वाले मास्टर ट्रेनर्स एवं योग क्लब प्रभारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। आईआईटीटीएम में ग्राम योग समितियों के सचिवों का प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. कुमार संजीव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।





इस अवसर पर उन्होंने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिये योग की महत्ता को विशेष रूप से रेखांकित किया। साथ ही सभी से योग को अपनी दिनचर्या का अंग बनाने के लिये प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री दीपक पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। जिला योग प्रभारी श्री दिनेश चाकणकर ने बताया कि विश्व योग दिवस पर जिले में विभिन्न स्थानों पर लगभग पाँच लाख विद्यार्थी व नागरिक सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। जिले की प्रत्येक ग्राम में भी 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास कराने की तैयारी की जा रही है। जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिले के विविध योग संगठन क्रीड़ा भारती, आरोग्य भारती हार्टफुलनेस, पतंजलि योग समिति,आईएनओ सूर्या, ब्रह्मकुमारी,भारतीय योग संघ, आर्ट ऑफ लिविंग, भारतीय योग संस्थान ,जिला, विकासखंड ग्राम एवं वार्ड योग समितियां, मजदूर सेवार्थ पाठशाला आदि संस्थानों के सहयोग से जिले के 3 हजार से अधिक स्थानो पर योगाभ्यास कराने की तैयारी की जा रही है।

### योग क्लब प्रभारियों को कोमन योगा प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया

श्री चाकणकर ने बताया कि विश्व योग दिवस की तैयारी के सिलसिले में प्रथम चरण में 6 व 7 जून को भारतीय यात्रा एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान में जिले के 100 से अधिक हायर सेकेंडरी हाई स्कूल के योग क्लब प्रभारियों को कोमन योगा प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे चरण में 9 से 11 जून तक जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों के योग शिक्षकों सह पदेन सचिव ग्राम योग समिति को भी कोमन योगा प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीसरे चरण में 10 से 12 जून तक मुरार शहर क्रमांक एक, मुरार शहर क्रमांक दो मुरार ग्रामीण तथा घाटीगांव के माध्यमिक विद्यालयों के योग शिक्षको तथा शेष योग शिक्षको का प्रशिक्षण भारतीय यात्रा एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान, डबरा विकासखंड का उत्कृष्ट डबरा तथा भितरवार विकासखंड क्षेत्र का प्रशिक्षण उत्कृष्ट भितरवार में दिया जाएगा।

## समस्यायें शीघ्र हल न होने पर ऊर्जा मंत्री को महिलायें पहनाएंगी चूड़ियां, गली-गली में जलाए जायेंगे पूतले: विधायक डॉ. सिकरवार

### कांग्रेस के धरने में हजारों का उमड़ा जनसैलाब, मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**ग्वालियर।नगर संवाददाता**

ग्वालियर। शहर में हो रही बेतहाशा अघोषित बिजली कटौती एवं बिजली विभाग से जुडी अन्य समस्याओं को लेकर आज बिजली विभाग के मुख्य कार्यालय रोशनी घर पर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में जंगी धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें हजारों महिला-पुरूष शामिल हुये। साथ ही इस दौरान 10 सूत्रीय समस्यायुक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम अधीक्षण यंत्री बिजली विभाग नितिन मांगलिक को कांग्रेसजनों द्वारा सौंपा गया। विधायक डॉ. सिकरवार ने धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुये ऐलान किया कि अगर अतिशीघ्र ज्ञापन में उल्लेखित समस्याओं को समाधान नहीं किया गया तो 50 हजार महिला-पुरूषों के साथ ऊर्जा मंत्री के निवास पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा और गली-गली में पुतले जलाये जायेंगे। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी, सोनिया गांधी, मलिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, जीतू पटवारी एवं उमंग सिंघार के जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। धरने पर बैठे लोग ऊर्जा मंत्री होश में आओं, बिजली समस्या हल कराओं के नारे लिखी तख्तियां लिये हुये थे। विधायक डॉ. सिकरवार ने धरना प्रदर्शन में उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुये कहा कि गरीबों को बढे हुये बिजली के बिल भेजे जा रहे है और मंत्री जी पार्क में टेंट लगाकर सो रहे हैं। आखिर वे कब तक इस तरह की नौटंकी और ड्रामा




करते रहेंगे। टेंट में सारी सुविधायें उपलब्ध है, जिसमें वह सरकारी धन का दुरपयोग कर अधिकारियों-कर्मचारियों को भी परेशान कर रहें है, ये सब हाथों पर हाथ रखे खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री जी जब विपक्ष में थे तब नसेनी कंधे पर रखकर चलते थे और बिजली के तार जोड़ते थे। मगर आज सत्ता में इतने मद-मस्त हैं कि लोगों के बिजली कनेक्शन कटवा रहे हैं। मंत्री जी का बिजली विभाग के अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि जो सरकार जनता को पानी-बिजली नहीं दे पा रही है, उस सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि बिजली समस्या का समाधान नहीं होने पर उनके निवास पर धरना प्रदर्शन, गलियों में पुतले दहन और बहने चूडियां पहनायेंगीं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री होश में नहीं है। इसलिये वह जनता की चिंता नहीं कर रहे है। विधायक डॉ. सिकरवार ने मंहगाई, बैरोजगारी एवं भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुये कहा कि तीनों समस्याओं से जनता परेशान है, सरकार मंहगाई पर नियंत्रण कर पाने में पूरी तरह असफल रही है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, इससे वह परेशान है और हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, हितेन्द्र यादव, श्रीमती वीना भारद्वाज, पार्षद केदार बरहादिया आदि ने विचार व्यक्त किये। धरना प्रदर्शन का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शिवहरे एवं आभार ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपोरिया ने व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में म.प्र. चेंबर कॉमर्स उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, बृजेश शुक्ला, पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, पार्षद सुरेंद्र साहू, पार्षद अंकित कठठ्ल, पार्षद प्रमोद खरे, सुधीर मंडेलिया, आई.टी. सेल अध्यक्ष आदित्य सेंगर, प्रमोद जैन, राहुल गुर्जर, कल्लू तोमर, राजा भदौरिया, सागर नाती, महेश कुशवाह, जीतू कुशवाह, सत्येंद्र नागर, हिमांशु कीकन, लालू जैन, श्रीमती रेनू चौहान, श्रीमती सीमा समाधिया, श्रीमती सरोज साहू, श्रीमती हेमलता प्रजापति, श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती प्रवेश परिहार, छोटू मंडेलिया, धर्मवीर जाटव, डिंपल भदोरिया, राकेश श्रीवास, मनोज पाल, हरेंद्र वर्मा, राकेश कुशवाह, महेंद्र शुक्ला, मयंक झा, शाहरुख खान, अनिल शर्मा 'बिट्टू', श्याम सुंदर निम, राजेंद्र परिहार, लोकेंद्र प्रजापति, गोविंद थोराठ, आशु तोमर, संदीप यादव, महेंद्र शर्मा 'विक्की', मोनू रजक, राजेंद्र राठी समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## ग्वालियर में आचार्य सुबल सागर ससंघ का नौ साल के बाद नौ संतो का एक साथ होगा भव्य चातुर्मास

### आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने ग्वालियर में 2025 का चातुर्मास करने अनुमति प्रदान

**ग्वालियर।नगर संवाददाता**


ग्वालियर। वर्ष 2016 के बाद एक बार फिर से आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ का ग्वालियर की पवन धरा पर भव्य चातुर्मास होगा। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज का नौ साल के बाद नौ संतो का एक साथ भव्य चातुर्मास होगा। ग्वालियर सकल जैन समाज ने जैन सिध्दक्षेत्र सोनागिर पहुंचकर आचार्य श्री सुबल सागर महाराज से ग्वालियर में 2025 का चातुर्मास करने लिए विनती की। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि जैन तीर्थ सोनागिर में विराजित आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज से ग्वालियर में चातुर्मास की विनती करने के पहुंचे ग्वालियर सकल जैन समाज की ओर से निर्मल पाटनी, विनय कासलीवाल, प्रमोद जैन, वीरेंद्र बाबा, सुभाष जैन, महेंद्र जैन, लकी जैन, कमलेश जैन, नरेश रावका, शशांक सोनी, पंकज लाला, उमेश जैन, योगेश बोहरा, संजीव जैन, सहित गुरुभक्ति सामूहिक रूप श्रीफल भेंटकर चातुर्मास की विनती की। वही आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने ग्वालियर में 2025 का चातुर्मास करने की अपनी सहमति दे दी है। चातुर्मास की स्वीकृति मिलते ही गुरुदेव के जयकारे गूंज उठे।




### सकल जैन समाज ग्वालियर की चातुर्मास (मीटिंग) 13 जून को होगी

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज सहित नौ साधुओं का 2025 का चतुर्मास ग्वालियर नगर में होने जा रहा है। जिसकी आगामी होने वाले चतुर्मास को भव्य और व्यवस्थित करने के लिए चतुर्मास कमेटी एवं समितियाँ के गठन के लिए इस साधारण सभा का आयोजन 13 जून 25 शुक्रवार रात्रि ठीक 8 बजे से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में आयोजित होगी।

## बुंदेलखंड क्रिकेट टीम ने पसीना बहाने के बाद किया योग



**दैनिक नवनीत एक्सप्रेस संवाददाता हर्षित दुबे**

आज शाम को रूप सिंह स्टेडियम पर खूब पसीना बहाने के बाद बुंदेलखंड क्रिकेट खिलाड़ियों ने योग का अभ्यास किया एम पी एल ह्व 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के योग प्रशिक्षक अखिलेश पचौरी के मार्गदर्शन में बुंदेलखंड टीम के सभी सदस्य आसान और प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया टीम के सभी सदस्यों ने योग को गंभीरता से लेते हुए योग के द्वारा अपने प्रदर्शन को कैसे और अच्छा किया जाए इस पर विशेष ध्यान दिया आसन प्राणायाम एकाग्रता के लिए त्राटक भी किया खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम मुख्य कोच देवेंद्र बुंदेला एवं और सभी सदस्यों ने योग का आनंद लिया

## ग्वालियर सकल जैन समाज ने जैन सिध्दक्षेत्र सोनागिर पहुंचकर आचार्य श्री सुबल सागर से चातुर्मास करने की विनती, आचार्य श्री ने दी अनुमति

### ग्वालियर में आचार्य सुबल सागर ससंघ का नौ साल के बाद नौ संतो का एक साथ होगा भव्य चातुर्मास

**ग्वालियर।नगर संवाददाता**

### आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने ग्वालियर में 2025 का चातुर्मास करने अनुमति प्रदान की।

ग्वालियर। वर्ष 2016 के बाद एक बार फिर से आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ का ग्वालियर की पवन धरा पर भव्य चातुर्मास होगा। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज का नौ साल के बाद नौ संतो का एक साथ भव्य चातुर्मास होगा। ग्वालियर सकल जैन समाज ने जैन सिध्दक्षेत्र सोनागिर पहुंचकर आचार्य श्री सुबल सागर महाराज से ग्वालियर में 2025 का चातुर्मास करने लिए विनती की। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि जैन तीर्थ सोनागिर में विराजित आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज से ग्वालियर में चातुर्मास की विनती करने के पहुंचे ग्वालियर सकल जैन समाज की ओर से निर्मल पाटनी, विनय कासलीवाल, प्रमोद जैन, वीरेंद्र बाबा, सुभाष जैन, महेंद्र जैन, लकी जैन, कमलेश जैन, नरेश रावका, शशांक सोनी, पंकज लाला, उमेश जैन, योगेश बोहरा, संजीव जैन, सहित गुरुभक्ति सामूहिक रूप श्रीफल भेंटकर चातुर्मास की विनती की। वही आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने ग्वालियर में 2025 का चातुर्मास करने की अपनी सहमति दे दी है। चातुर्मास की स्वीकृति मिलते ही गुरुदेव के जयकारे गूंज उठे।



### सकल जैन समाज ग्वालियर की चातुर्मास (मीटिंग) 13 जून को होगी

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज सहित नौ साधुओं का 2025 का चतुर्मास ग्वालियर नगर में होने जा रहा है। जिसकी आगामी होने वाले चतुर्मास को भव्य और व्यवस्थित करने के लिए चतुर्मास कमेटी एवं समितियाँ के गठन के लिए इस साधारण सभा का आयोजन 13 जून 25 शुक्रवार रात्रि ठीक 8 बजे से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में आयोजित होगी।

## जन्डेल सिंह बने गौ सेवा संवर्धन प्रकोष्ठ के प्रदेशअध्यक्ष

**नवनीत एक्सप्रेस संवाददाता हर्षित दुबे**



अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा ग्वालियर के जन्डेल सिंह यादव को गौ सेवा एवं संवर्धन प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गयाहै उक्त मनोनयन अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष वीर सिंह यादव की अनुशंसा पर जंन्डेल सिंह को प्रदेश का अध्यक्ष मनमोहन किया गया है जन्डेल सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व को भरोसा दिलाया है कि वह पूरी व्यवस्था ईमानदारी एवं लग्न के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन समय-समय पर आपके द्वारा किए गए आदेशों का पालन करूंगा तथा गौ सेवा उत्थान के कार्यों से प्रदेश कार्यालय को अवगत कराऊंगा

स्वत्वाधिकर स्वामी; प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक महेंद्र तिवारी द्वारा तिवारी आर्ट्स गुड़ी गुड़ा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर मध्य प्रदेश से मुदित एवं प्रकाशित प्रबंधक संपादक धैर्यवर्धन शर्मा-सह संपादक मनीष तिवारी समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर रहेगा मोबाइल नंबर 9074692488 -9340719851 Email, Navneete&press 33@gmail.com. पी आर बी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार RNI-MPHIN/2016/69280
पत्राचार का पता : दुबे सदन, बाबूजी की बगिया, गुड़ा चक्की, कंपू लश्कर, ग्वालियर 474001